e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 316

# प्रभात मंत्र

बुधवार
22.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
एक बुद्धिमान व्यक्ति की पहचान, ये है की उनमें कोई अहंकार या, अभिमान नहीं होता !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन से तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जमशेदपुर** : भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अपने गृह क्षेत्र स्थित बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन से बादामपहाड़-टाटा मेमू और बादाम पहाड़-राउरकेला साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, ओडिशा मंत्रीमंडल के सुदाम मरांडी और दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा, चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम के अलावा अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे. इन ट्रेनों में शालीमार-बादामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस, बादामपहाड़-राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस और टाटानगर-बादामपहाड़ मेमू शामिल है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ट्रेनों के परिचालन से क्षेत्र का विकास होगा. इस मौके पर राष्ट्रपति ने अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का विकास और सौंदर्यीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया. मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत छोटे से छोटे स्टेशन का विकास किया जा रहा है.ओडिशा में पर्यटन, शिक्षा और मेडिकल के लिए रेल मार्ग सुगम साधन है.इसके लिए काम किया जा रहा है.

### रांची हिंसा मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा मामले की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की आंशिक सुनवाई को हुई। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता के आग्रह पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर निर्धारित की है।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफेंस के तहत आ रही है। एनआईए और राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है।रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है।

### बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड में झारखंड के फंसे मजदूरों के लिए केंद्रीय मंत्री से की भेंट

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवम राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की तथा उत्तराखंड टनल में झारखंड के 15 मजदूरों के सकुशल बाहर निकाले जाने के संबंध में बात की। साथ ही मजदूरों के परिजनों की चिंता से अवगत कराया। मरांडी ने कहा कि झारखंड से बड़े पैमाने पर मजदूर बाहर के राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं। ऐसे हादसों से परिजनों के साथ बाहर जाकर कमाने वाले मजदूरों के परिजनों की चिंता बढ़ जाती है। मरांडी ने कहा कि कई ऐसे मजदूर हैं, जिनके माता पिता दिव्यांग हैं। घर में उनके सिवा कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे माता-पिता और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। फंसे मजदूर के घरों में में इस वर्ष दीपावली छठ जैसे त्योहार नहीं मनाए गए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

**विश्व बाल दिवस 2023 के अवसर पर यूनिसेफ के बाल पत्रकारों ने सीएम से किया संवाद**

# क्वालिटी एजुकेशन सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में एक परिवार से सिर्फ दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता होगी समाप्त
- आप पढ़ेंगे तो उचित-अनुचित का अंतर समझ सकेंगे, सोच का दायरा बढेगा और सही निर्णय ले सकेंगे
- अपने अभिभावक से खुलकर किसी मुद्दे पर बात करें ,अच्छे सहयोगी बनाएं , स्वस्थ वातावरण में रहे, इससे आप मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे
- आप सभी को विश्व बाल दिवस की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं
- पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विश्व बाल दिवस-2023 के अवसर पर यूनिसेफ, झारखंड के बाल पत्रकारों ने मुलाकात कर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को विश्व बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा - आपसे मिलकर काफी अच्छा लगता है और मुझे भी काफी जानने -समझने- सीखने का मौका मिलता है।

उन्होंने बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा- परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, पढ़ाई से नाता नहीं तोड़े।पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियों के सशक्तिकरण और उनको पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को मिले, इसलिए इसमें एक ही परिवार से अधिकतम दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता खत्म की जाएगी।

**बच्चे- बच्चियों को नियमित भ्रमण कराएं**

मुख्यमंत्री को यूनिसेफ की ओर से बताया गया कि रांची और पश्चिम सिंहभूम जिले में लगभग 10 हजार बाल पत्रकार है। ये सभी बाल पत्रकार विभिन्न विद्यालयों से जुड़े हुए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी बच्चों को राज्य के बाहर के भी अच्छे और बेहतर संस्थानों और अन्य संस्थाओं का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण कराएं। इन्हें बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी और मेला में भी ले जाएं। इससे बच्चों को एक्स्पोज़र मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा।

**सभी के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है**

मुख्यमंत्री ने बच्चे-बच्चियों से कहा, हर किसी के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। आप अगर पढ़े -लिखे होंगे तो उचित- अनुचित का अंतर समझ सकेंगे। आप पर कोई बेवजह का दबाव नहीं बनाएगा।आपकी सोच का दायरा बढ़ेगा और उचित निर्णय ले सकेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता,अभिभावक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हर मुद्दे पर खुलकर बात करें। संवाद में विषयों को लेकर झिझक नहीं होनी चाहिए। अच्छे सहयोगी बनाएं और स्वस्थ वातावरण में रहें।




**पढ़ाई के लिए बेहतर रास्ता दिखा रही सरकार:** मुख्यमंत्री ने बच्चे -बच्चियों से कहा कि किसी भी तरह की चुनौती आए , आप पढ़ाई नहीं छोड़े। अपने माता-पिता और अभिभावकों को यह समझाएं कि मुझे पढ़ने दे। उन्हें यह भी बताएं कि सरकार बच्चे -बच्चियों को शिक्षा के लिए बेहतर राह दिखा रही है । पढ़ाई का सारा खर्च दे रही है। इससे निश्चित तौर पर आपके अभिभावक आपकी पढ़ाई के प्रति संवेदनशील होंगे। आपके शिक्षित होने से आपका परिवार भी आगे बढ़ेगा।

**आपकी पढ़ाई और बेहतर भविष्य के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में बच्चियों को सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है ताकि वे पढ़ाई से जुड़ी रहें। इसके अलावा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए भी सरकार पूरा खर्च दे रही है। अगर विदेश में उसे शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए भी शत -प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की योजना सरकार ने शुरू की है ।

**पढ़ाई के साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और अन्य क्रिएटिविटी भी काफी जरूरी है। इससे बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है और उसको निखारने के मौके मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि खेल के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य बना रहे हैं । आप भी खेल से जुड़े और इसमें सरकार की ओर से आपको सभी सहयोग दिया जाएगा।

**विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकारों की रही भागीदारी:** विश्व बाल दिवस 2023 के अवसर पर मुख्यमंत्री से संवाद करने के लिए रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों के छह सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकार आए थे। इन बाल पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से संवाद करने के साथ सवाल भी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को बाल पत्रकारों द्वारा संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया। मौके पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई ग्रीटिंग कार्ड भी मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट की।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव,यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्रा,कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट सुश्री आस्था अलंग, कंसलटेंट राजेश कुमार झा और देवांजलि मंडल तथा एनबीजेके के श्रीमती सुष्मिता भट्टाचार्जी,विवेक कुमार, सरिता देवी और दिवाकर प्रसाद मौजूद थे।



### भ्रामक विज्ञापन हटाए पतंजलि, वरना लगेगा भारी जुर्माना सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाइयों और वैक्सीनेशन के खिलाफ जारी विज्ञापनों पर पतंजलि आयुर्वेद को फटकार लगाई है। कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को चेतावनी दी कि वो ऐसे भ्रामक विज्ञापन हटाएं, वर्ना भारी जुर्माना लगाया जाएगा। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो स्वास्थ्य संबंधी भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण के लिए प्रस्ताव लेकर आएं। पहले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा रामदेव की टिप्पणी पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव को क्या हुआ है। योग को लोकप्रिय बनाने के लिए हम उनकी इज्ज़त करते हैं परन्तु उन्हें इलाज के दूसरे तरीकों पर यूं सवाल नहीं उठाना चाहिए। उन्हें दूसरों की आलोचना करने से बचना चाहिए।याचिका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दायर की है। याचिका में बाबा रामदेव के कोरोना वैक्सीन और एलोपैथिक दवाइयों को लेकर दिए गए बयान पर नियंत्रण लगाने का दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई है। आईएमए ने याचिका में कहा है कि आयुष कंपनियां भी अपने बयानों से आम जनता को भ्रमित कर रही हैं। वे कहती हैं कि डॉक्टर एलोपैथिक दवाइयां लेते हैं लेकिन उन्हें भी कोरोना ने अपना शिकार बनाया। आईएमए ने कहा है कि इस तरह की भ्रामक बयानबाजी पर रोक लगाने की जरूरत है।

## चुटूपालू घाटी में भीषण सड़क दुघर्टना, तीन की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ चुटूपालू घाटी सड़क दुघर्टना में एक बार फिर रफ्तार के कहर से तीन लोगों की मौत हो गई। बताते चलें कि रांची से रामगढ़ की ओर आ रही ट्रेलर अनियंत्रित होकर कई गाड़ियों को अपने चपेटे में लिया और ट्रेलर पलट गई। ट्रेलर में सबसे पहले एक ट्रैक्टर एक बाइक और एक कर को अपने चपेट में लिया। ट्रेलर में ट्रैक्टर को अपनी चपेट में ले लिया और ट्रैक्टर पूरी तरह से टुकड़े-टुकड़े भागों में बट गया। इस भीषण सड़क दुघर्टना में ट्रैक्टर चालक और एक मजदूर तथा ट्रेलर का ड्राइवर की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। फिलहाल अभी तक अधिकारी पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई है। वहीं घटना के बाद रामगढ़ रांची ह्वा- 33 मार्ग 3 घंटे तक पूरी तरह से जाम रहा। मौके पर रामगढ़ पुलिस राहत कार्य में जुटी और पुनः ट्राफिक विधिः व्यवस्था बनाने में जुटी रही। काफी लंबा जाम लगा रहा। तीन घंटे बाद एक साइड मार्ग को चालू किया गया। वह भी बहुत धीरे रफ्तार में गाड़ियां आगे बढ़ी। ट्रैक्टर चालक खीरबेड़ा के रहने वाले शंकर बेदिया और एक अन्य दिनेश बेदिया की मौत की सूचना के बाद स्थानीय लोगों ने एनएच 33 को पूरी तरह जाम कर दिया। स्थानीय लोग काफी आक्रोशित थे और मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे. रामगढ़ प्रशासन और पुलिस के आश्वासन के बाद जाम खत्म करवाया गया. इतनी देर में दुर्घटना क्षेत्र के दोनों तरफ करीब 10 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गई. पुलिस को जाम हटाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

## मुसाबनी वन क्षेत्र में विद्युत की चपेट में आने से 5 हाथियों की दर्दनाक मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर** : झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत मुसाबनी वन क्षेत्र के बेनाशोल उपरबांधा पोटास जंगल में 33 हजार वोल्ट बिजली की चपेट में आने से 5 हाथियों की मौत हो गई। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के माइंस के लिए हाईटेंशन तार गया था, जिसकी चपेट में आने से हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सोमवार रात से ही करीब 12 हाथियों का झुंड जंगल में घूम रहा था, जहां 5 हाथियों की करंट लगने से मौत हो गई है। मरने वाले हाथियों में तीन हाथी के बच्चे व दो वयस्क हाथी शामिल हैं। घटना ऊपरबांधा जंगल के पास की है।हाथियों की मौत की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुसाबनी वन विभाग को दी है। वन विभाग के रेंजर दिग्विजय सिंह,एचसीएल आईसीसी के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना सोमवार की देर शाम की बात बताई जाती है। 33 हजार केवी बिजली के तार की चपेट में आने से पांच हाथी की मौत हो गई है। घटना की सूचना वन विभाग और विद्युत विभाग ने कई घंटे तक दबाए रखा, परंतु मंगलवार को लगभग 12 बजे ग्रामीणों ने हाथियों के झुंड को भगाने के दौरान हाथियों के शव को जंगल में पड़ा हुआ देखा।

सोमवार रात 8 बजे से मंगलवार सुबह 7 बजे तक सुरदा फीडर और अमाई नगर फीडर का लाईन विभाग द्वारा हाथियों के झुंड के विचरण करने की सूचना पर काट कर रखा गया था। पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी वन क्षेत्र के बेनाशोल उपरबांधा पोटास जंगल में 33 हजार वोल्ट की चपेट में आने से 5 हाथियों की मौत मामले में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस हादसे की विस्तृत जांच की जाए। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा वन व विद्युत विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि भविष्य में ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए जंगलों में बिजली के तारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत लगाया जाए।

## मोदी सरकार में बन रहा है विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन : अश्विनी वैष्णव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मंगलवार को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राँची रेलवे स्टेशन पर भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ढ़ोल,नगाड़ा की थाप पर पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र और माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने चुटिया में रेलवे क्रॉसिंग बनाने की मांग की। इस पर रेल मंत्री ने डीआरएम राँची द्वारा अविलम्ब प्रस्ताव बनाकर तकनीकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के अगले 40 दिनो में चुटिया रेलवे क्रासिंग योजना की स्वीकृति देने की घोषणा भी की। रेल मंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार में किये जा रहे उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा झारखंड में 57 रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने एवं रेलवे की कई नई उपलब्धियों को आंकड़े सहित कई अहम जानकारी भी दी। इस अवसर



पर सांसद संजय सेठ ने स्मृति चिन्ह देकर विधायक नवीन जयसवाल ने पुष्पगुच्छ देकर एवं जिलाध्यक्ष के.के. गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर रेल मंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जयसवाल, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष के.के.गुप्ता, सुरेन्द्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मुनचुन राय,बलराम सिंह, अरुण झा,बलराम सिंह, ललिता ओझा, जितेन्द्र वर्मा, जनार्दन शाह, शोर्य पूजा सिंह,ललिता देवी, रामलगन राम, संजय पोद्दार,अश्विनी सुखीजा,सोनू सिंह, इंद्रजीत यादव ,उमेश यादव, रेणु सिंह, पूजा सिंह,मुन्ना ठाकुर,विक्की सिंह, बलबीर सलूजा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईडी ने गांधी परिवार से जुड़ी कंपनी की 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी परिवार की कंपनी यंग इंडियन की देश भर में फैली करीब 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने यह कार्रवाई हेराल्ड हाउस व कांग्रेस के अन्य प्रकाशन संस्थान से जुड़े मामले में की है। आर्थिक अपराध की जांच करने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने एक बयान में कहा है कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई जांच के बाद यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 751.9 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का आदेश जारी किया है।



## 24 नवंबर से 26 दिसम्बर तक होगा, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में ''आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार'' कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया कि ''आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम दिनांक 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। बैठक में जिले के सभी पंचायत स्तर पर 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि व्यक्तिगत योजनाओं को सैचुरेशन मोड में लागू किया जाए, जिससे कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों तक पहुँचाने हेतु विशेष व्यवस्था करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के प्रत्येक पंचायतों में कम-से-कम एक शिविर का आयोजन हो। मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं वरीय पदाधिकारियों को शिविरों का शेड्यूल तथा कार्य योजना तैयार कर साझा किया। पंचायत के प्रत्येक गाँव/टोला में शिविर तिथि तथा स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया, जिससे शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह समेत विभिन्न विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थें।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष 70 वर्षीय प्रभाष दास गुप्ता उर्फ साधन दादा के आकस्मिक निधन पर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि साधन दादा का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि प्रभाष दास गुप्ता पार्टी के मेरुदंड थे। वह दिन रात मेदिनीनगर में हुसैनाबाद क्षेत्र के मरीजों की सेवा में रहते थे। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। एमएम शोक सभा में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

## सोरहर मोरहर नदी के तट पर दिया गया उदीयमान सूर्य को अर्घ

**नौड़ीहा बाजार प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था के महापर्व छठ सोमवार के व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला उपवास समाप्त हुआ। वही नौड़ीहा बाजार प्रखंड सोरहर मोरहर नदी, कोरामी सरोवर, सरईडीह नदी सहित बारा सूर्य मंदिर ,हरिना के मंजूराही सूर्य मंदिर मे सुबह से ही घंटों खड़े कतार बद्ध सुप एवं समस्त पूजा समाग्री के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए इंतजार किया और समय से उगते ही भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मनोकामना पूर्ति होने के लिए भगवान् भास्कर से आर्शीवाद प्राप्त किया इसके बाद प्रसाद से भरा दऊरा सुप को लेकर अपना अपना घर के लिए प्रस्थान किया। वही मौके पूर्व जीप प्रत्याशी उपकार रवि ,मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, पंपस शत्रुधन् साव पत्रकार संघ नौड़ीहा बाजार के उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, पूर्व छतरपुर - पाटन विधानसभा के अध्यक्ष रामबाबु, समाज सेवी अजय कुमार, लल्लू राम शिक्षक, रविदास विकास समिति के संरक्षक जुदागिर राम शिक्षक, युवा बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, उमेश कुमार, संतोष ठाकुर, छोटेलाल रजक, चन्दन कुमार रजक सहित काफी संख्या मे मौजूद होकर छठ घाट पर क्षेत्र भ्रमण कर प्रसाद ग्रहण किया।

## लेबर सप्लायर आपस में भिड़े दो घायल

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कैलान गांव में मथुरा चौक के समीप दो लेबर सप्लायर आपस में भिड़े,जिसमें एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलो में एक पक्ष से मथुरा साह एवं दुसरे पक्ष के पिंकू साह की मां घायल हुए हैं। दोनो पक्ष थाना पहुंचे जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। समाचार के अनुसार कैलान गांव में मथुरा चौक निवासी मथुरा साह व पिंकू साह लेबर सप्लायर का काम करते हैं। दोनो संवेदक चेन्नई में मजदुर सप्लाई करते हैं। सुत्रो के अनुसार दोनो एक दुसरे पर एक दुसरे के मजदूर को बहका कर लें जाने का आरोप लगाकर मंगलवार की सुबह उलझ गए। उलझने के दौरान हाथापाई में मथुरा साह को माथे पर चोट लगी जबकि पिंकू साह की मां का हाथ टूट गया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया दोनों पक्षों को आवेदन देने के लिए बोला गया है। मथुरा साह अपने गिरा जिससे माथे पर चोट लगी है, जबकि पिंकू की मां को हाथ में चोट लगा है।

## मृतक प्रमोद मिश्रा के परिजनों को मंदिर कमेटी ने किया सहयोग

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय मानदोहर निवासी प्रमोद मिश्रा के परिजनों को मंदिर कमिटी की तरफ से 31 हजार रु नगद व खाद्य सामग्री का मदद की गई। इसके पूर्व मंदिर कमिटी के सदस्यों की बैठक की गई। जिसमे पुरोहित प्रमोद मिश्रा के परिजनों को अधिक से अधिक आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया था। इस अवसर पर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा की पुरोहित प्रमोद मिश्रा पूरे बाजार के अभिभावक स्वरूप थे। जो हर सुख दुख में भाग लिया करते थे। जिनके निधन से बाजार वाशियो में शोक है। उनके निधन से मंदिर कमिटी को अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसे लेकर कमिटी की और से नगद के रूप में 31 हजार व खाद्य सामग्री की मदद किया गया है। मौके पर सचिव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, उमेश प्रसाद गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, पंकज प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, सुनील प्रसाद, ललन कुमार, ओमप्रकाश सोनी, पप्पू कुमार, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, धनंजय कुमार गुप्ता, सतेंद्र प्रसाद, राजू कुमार, अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पिछले चार दिनों से शुरू हुवा पर्व सोमवार सुबह उदययीमान भगवान भास्कर को अंतिम अर्घ्य देने के पश्चात संपन्न हो गया। जिसमे प्रखंड मुख्यालय के टेढ़की पुल स्थित छठ घाट, थाना समीप गंगा तालाब छठ घाट,सुखडा नदी स्थित छठ घाट सहित भागोडीह, कर्णपुरा,बहियार कला, टंडवा बांकी नदी छठ घाट, गमहरिया, बुल्का साहित आसपास के गांव में कई छठ घाट पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का उपवास रखकर सुख समृद्धि कामना के लिए भगवान सूर्य देव एवं छठी मैया की विधिवत पूजा अर्चना की एवं अर्घ्य समर्पित किया। इधर छठ पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन सभी छठ घाटों पर गस्त करती रही इसके पूर्व थाना परिसर में फलाहार का वितरण किया गया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय सभाकक्ष से वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ-सीओ के साथ बैठक की वहीं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी सभाकक्ष से जुड़े रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आगामी 24 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत में आयोजित किए जाने वाले शिविर को लेकर चर्चा की.सर्व प्रथम उपायुक्त श्री रंजन ने मनातू सीओ से शिविर को लेकर अबतक किये गये तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीडीओ को शिविर में ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आयोजित किए जाने वाले शिविरों का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 14 स्टॉल लगाये जायेंगे वहीं एक रजिस्ट्रेशन काउंटर व एक स्टेज भी लगाया जायेगा.पंचायतों में लगने वाले शिविरों में ब्लॉक का जिला से बेहतर समन्वय हो,इसे लेकर उपायुक्त श्री रंजन ने सभी 21 प्रखण्डों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी/ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 पंचायतों व 3 बीडीओ को अगले वर्ष 26 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर 22 नवंबर को सभी बीडीओ व उनके कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

## गढ़वा के पवल ने जीता कांस्य पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 17 से 19 नवंबर तक महेंद्रगढ़ हरियाणा में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गढ़वा के मुक्केबाज पवल किशोर पासवान ने कांस्य पदक जीता। पवल ने अंडर 17 वर्ग में 38-42 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राज्य और जिले का नाम रौशन किया। पवल के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद निदेशालय के उप सचिव राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सह सचिव पुनीत जायसवाल, जीएन कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य मदन प्रसाद केशरी, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, खेलकूद विभाग के विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार, राजन कुमार आदि का नाम शामिल है।

## सर्वेश्वरी आश्रम द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों का हुआ मुफ्त इलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** सगमा प्रखंड के मकरी गांव स्थित सर्वेश्वरी आश्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिकित्सा सिविल आयोजित किया गया।इस शिविर में में तीन सौ पचास मरीजों का मुफ्त ईलाज कर दवा उपलब्ध कराया गया । साथ ही नेत्र चिकित्सक के द्वारा जाँच कर चश्मा दिया गया। विदित हो कि सगमा प्रखण्ड के मकरी गाँव स्थित सर्वेस्वरी आश्रम के द्वारा मंगलवार को मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे छतीसगढ़ के मशहूर होमियो पैथ चिकित्सक लाल सिंह लोधी के द्वारा आश्रम में लगे चिकित्सा शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित दो सौ रोगियों की जांच कर उचित दवा के साथ खान पान के संबंध में चित्स्कीय परामर्श दिया गया। जबकि उक्त शिविर में उपस्थित नेत्र चिकित्सक डॉ सोनू कुमार के द्वारा नेत्र परीक्षण कर एक शौ पचास लीगो को दवा के साथ चश्मा दिया गया। इस शिविर के संचालन में आश्रम से सम्बद्ध छतीशगढ़ वाड्रफ नगर से आए राकेस कुमार सिंह आश्रम के संरक्षक बिहारी राम मंत्री दिलीप राम अजय कुमार अनूप लाल यादव रमेश यादव ललन कुमार मनोज गुप्ता विकास चन्द्र प्रसाद धीरज जयसवाल मोनू यादव का नाम शामिल है।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत दो हुए घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के इटको गांव में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दो घायल हो गए। मृतक वीरेंद्र तिवारी 52 वर्ष थाना क्षेत्र के हरीनामांड़ गांव निवासी थे। घायलों में हरीनामांड गांव निवासी चक्रधारी दुबे हुआ सुकरी गांव निवासी अनिल चंद्रवंशी का 20 वर्षीय पुत्र छोटू चंद्रवंशी का नाम शामिल है।घायल छोटू राम हरिनामांड़ गांव में ननिहाल में रहता था। बताया जाता है कि छोटू चंद्रवंशी लाडी बहन के यहां छठ व्रत का प्रसाद पहुंचा कर वापस हरीनामांड़ गांव लौट रहा था इसी क्रम में सामने से आ रही मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। घायलों को को मेदिनीनगर एमएमसीएच् अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच चुकी थी।

## इंदिरा गांधी की मनायी गई 106 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती मनाई गई। कार्यालय भवन में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने स्व. इंदिरा गांधी कि चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष मो. कयामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आयरन लेडी के नाम से मशहूर स्व. इंदिरा गांधी ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जफर इकबाल ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी द्वारा देश के विकास में योगदान और उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। हम सभी लोगों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने कि जरूरत है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष भोला राम, फिरोज अंसारी, अकरम अंसारी, नेजामुदीन अंसारी, शरीफ अंसारी, श्यामसुन्दर सिंह, अशोक राम, असीम राजा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छठ पूजा के अवसर पर चंद्रपुर घाट पर जागरण भक्ति कलाकारों ने मोहा लोगों का मन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के अवसर पे पूजा कमेटी द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बनारस से आए कलाकारों के भाव नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। काफी संख्या में महिला एवं पुरुष देर रात तक भक्ति रस का आनंद लेते रहे। चंद्रपुर छठ घाट बराज नदी के तट पे छठ पूजा कमेटी द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पांकी विधायक डाक्टर शशिभूषण मेहता, प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, डीलर संघ, अध्यक्ष पारस सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, ढूब पूर्व मुखिया कामख्या सिंह सहित सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम सुभारंभ। साथ ही कमेटी के लोगों ने आए हुए अतिथियों को फूल माला से भव्य स्वागत किया। साथ ही विधायक ने छठ कमेटी के लोगों को सहयोग राशि प्रदान किया। साथ ही छठ घाट पे भक्ति जागरण कार्यक्रम के लिए पक्का स्टेज भी देने की घोषणा किए। व विधायक ने कहा पांकी में कांग्रेसियों ने यहां के निचले तबके लोगों खूब शोषण किया, शोषण मुक्त यहां के धानुक समाज ने दमनकारी समाप्त की। हम सब पिछले समाज एक साथ हैं। वहीं प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने अपनी बातों से हिंदू की संस्कृति सभ्यता की बातें बताई और लोगों ने खूब तालियां बजाकर खुशी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी धर्म की रक्षा के लिए जान की भी आहुति देनी पड़े तो कम है। छठ पर्व समाज को जोड़ने का पर्व है। राम ने एक नीचे तबके शबरी के जूठे बेर खाकर राम ने समाज को बता दिया कोई बड़े छोटे नहीं है। साथ ही पांकी के युवाओं ने बता दिया। अपने धर्म की रक्षा के लिए जान भी देने पड़े तो पांकी के युवा पीछे नहीं हटेंगे। मौके पे, सफल मंच संचालन कर रहे अनिल सिंह, अनूप गुप्ता, अरुण सिंह, विशेष सिंह, अजीत सिंह, रामधारी सिंह, पत्रकार कमलेश सिंह, संजय सिंह, हरिनंदन सिंह, कार्तिक सिंह, नागेंद्र सिंह, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पलामू किला मेला देखने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा (पलामू) :** रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर सतबरवा थाना क्षेत्र के कंचन ढाबा के सामने मंगलवार को पलामू किला मेला देखने आ रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। बस से बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने के कारण यह घटना हुई। हालांकि हादसे के बाद दोनों युवकों को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डाल्टेनगंज से हजारीबाग जा रही दीप ज्योति बस और रांची की ओर से डालटेनगंज की ओर आ रही एक बाइक में टक्कर हुई। सीधी टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर कंचन ढाबा के पास सड़क पर गिर गए। उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद एएसआई बसंत कुमार डूबे ग्रामीणों के सहयोग से बाइक सवार घायल युवकों को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा ले गए, जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस और बाइक को सतबरवा पुलिस ने जब्त कर लिया तथा दोनों शव को डाल्टनगंज के एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के तुम्बागड़ा के 22 वर्षीय मनीष कुमार पिता रमेश भुईयां और 20 वर्षीय प्रदेशी कुमार पिता राजेश भुईयां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बाइक और बस में भिड़ंत होने की पुष्टि की। कई घंटे के बाद शव की पहचान होने की बात कही। दोनों की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा बना हुआ है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### शराब माफिया योगेंद्र तिवारी कोर्ट में पेश, अगली सुनवाई दो को

**रांची :** झारखंड शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि दो दिसम्बर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ईडी ने योगेंद्र तिवारी को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अदालत से मंजूरी मिलने के बाद ईडी ने छह दिन और आठ दिन कुल 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर योगेन्द्र तिवारी से पूछताछ की थी। ईडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लाउंडिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था ।

### गोपाष्टमी पर 120 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची के संस्थापक और संरक्षक परमहंस श्री श्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित (51) स्वर्णिम (वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य मे 120 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण। एमज़आरज़एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा राँची के सदस्य संत सदानंद महाराज के कथन अनुसार (भुखे को भोजन) खिलाने से बडा कोई भी पुण्य का कार्य नही है। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1100 से अधिक श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 22 नवंबर एवं 23 नवंबर 2023 को होने वाली झारखण्ड विधान सभा की स्थापना दिवस समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर विधानसभा पूरी तरह से तैयार है। आज स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर शूर और संगीत एवं लोक कलाकारों के द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो ने बताया कि तैयारियां पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,राज्य सभा सांसद गुरु जंच शिबू सोरेन सहित कई सांसद, विधायक एवं समाजसेवी शामिल होंगे।

**कई गणमान्य होंगे सम्मानित:** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नक्सल मुठभेड़ों में शहीद होने वाले झारखंड के जवानों तथा खेल से जुड़े लोग जिन्हें 22 नवंबर 2023 को सम्मानित किया जाना है ,संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कार्यक्रम के लिए अपने नोडल पदाधिकारियों के माध्यम से कि हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाने में सहयोग करेंगे।

इसी प्रकार से चंद्रयान मिशन 3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक ,झारखंड के टॉपर छात्र छात्राओं जिन्हें पुरस्कृत किया जाना है उनकी यातायात सुरक्षा एवं आवासन के संबंध में भी जिला प्रशासन राँची को बैठक में निर्देश दिए गए।

## सभी वार्डों में शिविर लगाकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24.11.2023 से 26.12 2023 तक निर्धारीत है। रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत सभी 53 वार्डों में 24 नवंबर 2023 से 26 दिसंबर 2023 तक प्रतिदिन दो वार्डों में शिविर लगाकर आमजनों से उनकी शिकायतों का आवेदन लिया जायेगा, जिन चीजों का निबटारा ऑन-स्पॉट किया जाएगा। बता दे आवेदनों को स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराना इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस शिविर में आम लोगों को रांची नगर निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार से शहरवासी उठा सकते है, यह भी बताया जायेगा।

**शिविर में निम्न चीजों के लिए दे सकते है आवेदन**

1. जन्म के 30 दिनों के अन्दर आने वाले बच्चों का जन्म निबंधन ।
2. मृत्यु की घटना घटित होने के 30 दिनों के अंदर मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए निबंधन।
3. अपने परिसर वर्षा जल संयोजन के अधिष्ठापन की सूचना निगम रिकॉर्ड में अपडेट कराना।
4. नये जल संयोजन या नियमितीकरण कराना।
5. जल कर का भुगतान।
6. म्युनिसिपल ट्रेड लाईसेंस के लिए आवेदन।
7. म्युनिसिपल ट्रेड लाईसेंस का नवीकरण के लिए आवेदन।
8. लॉज, छात्रावास एवं बैंक्वेट हॉल का पंजीकरण के लिए आवेदन।
9. प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए आवेदन। 10. मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत् श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन।
11. पी0एम0 स्वनिधि के अंतर्गत आवेदन।
12. विक्रेता अनुज्ञप्ति पत्र के लिए आवेदन ।
13. स्वयं सहायता समूह के लिए आवेदन।
14. छोटे दुकानदारों को मुद्रा लोन (स्श्वक्ष1) के तहत् आवेदन।
15. निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर।
16. जरूरतमंदो की पहचान करते हुए कंबल वितरण।
17 . घरों के स्व-कर निर्धारण एवं गृह-कर का भुगतान।
18. घृतिकर के आँकड़ों में किसी भी तरह की लिपिकीय भूल का सुधार।

## चोरी के प्रयास में दो आरोपितों को जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी की मुरी थाना पुलिस ने हिंडाल्को क्वार्टर कॉलोनी में घुसकर चोरी का प्रयास करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों में इम्तियाज उर्फ इम्तियाज आलम और साहिल खान शामिल हैं।

ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने मंगलवार को बताया कि दोनों को चोरी करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट मैच के तीसरे दिन दर्शकों की रही भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएससीए स्टेडियम में चल रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट मैच के तीसरे दिन दर्शकों की भीड़ देखने को मिली। दर्शक शाम पांच बजे ही स्टेडियम पहुंचने लगे थे। दशकों में क्रिकेट का जुनून देखने को मिला। जैसे ही क्रिकेट मैच शुरू हुआ। दर्शकों ने जोरदार हल्ला मचाते हुए खिलाड़ियों का स्वागत किया। तीसरे दिन साउथर्न सुपरस्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया।

साउथर्न सुपरस्टार्स ने टॉस जीतकर चुना पहले बॉलिंग लेने का निर्णय लिया। 16 ओवर तक अर्बनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर पांच विकेट पर 129 रन था। अर्बनराइजर्स के खिलाड़ियों सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, स्टुअर्ट वनी ,योगेश नागर, अमित पौनिकर ,पवन सोयल , क्रिस्टोफर ।

साउथर्न सुपरस्टार्स पवन नेगी, अब्दुल रज्जाक, उकुल तरंगा,रोज टेलर आदि खिलाड़ियों को देखने पहुंचे थे दर्शकगण।

## भाई पर लगा हत्या का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र में नितेश लाहा की हत्या कर दी गई। सुबह नितेश लाहा नामक का शव अपने ही घर से बरामद किया गया है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। शव की स्थिति देख कर आशंका जताई जा रही है कि नितेश लाहा का गला रेत कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद लालपुर थानेदार आदिकांत महतो, डीएसपी दीपक सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी गई है। फिलहाल हत्या के पिछे मृतक के मां, भाई और जीजा को माना जा रहा है। हालांकि पुलिस तुरंत कहने से बच रही है। पुलिस के अनुसार इस पूरे मामले की जांच पड़ताल चल रही है, वहीं मृतक की बहन मोनी के अनुसार नितेश की हत्या उसके भाई विक्की ने ही किया है। दोनों के बीच जमीन से संबंधित विवाद बताया जा रहा है। साथ ही बताया जा रहा है कि मृतक नितेश लाहा कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी की हत्या के मामले में जेल गया था। जेल से बाहर आया और यह घटना हुई। ऐसे में उसकी हत्या किसने और क्यों की है। ये भी छानबीन का विषय है।



# जरूरतमंदों के बीच हुआ भोजन वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** युवा कांग्रेस द्वारा महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के अगुवाई में प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर रांची शहर में जरूरतमंद एवं फुटपाथ, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में रह रहे, मजदूरों ,गरीब तबके के लोगों के बीच हुआ। भोजन का वितरण किया।शहर में घूम कर जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए।युवा कांग्रेसियों ने वहां पर मौजूद निराश्रितों और गरीबों को सम्मान के साथ भोजन करवाया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को नमन करते हुए कहा कि उनकी दृष्टि भविष्यवादी, उनके शब्द प्रेरणादायक, उनके कार्य परिवर्तनकारी, उनके जीवन असाधारण, पूर्व प्रधान मंत्री, भारत रत्न इंदिरा गांधी ने शक्ति, साहस, धैर्य, भक्ति और बलिदान की पहचान है। उनकी जयंती पर उन्हें नमन। युवा कांग्रेस रांची के हर विधानसभा क्षेत्र में मोहब्बत की दुकान के काउंटर खोलेगी. इन काउंटर पर भोजन और बच्चों के लिए किताबें मुहैया कराई जाएंगी। मौके पर रांची विधानसभा उपाध्यक्ष माइकल मिंज, हुस्ना परवीन, आर्यन कुमार, बृजभूषण पांडे, सचिव रविंदर कुमार, प्रदीप, सूरज , सुमित, राहुल,मनीष आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को यातायात जागरूकता की जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के जानिब से ट्रैफिक रुल्स अवरनेस प्रोग्राम सुहेल अख्तर स्टेट कन्वीनर के निगरानी में इदरीसिया हाई स्कूल हिंदपीढ़ी रांची झारखंड छात्र छात्राओं के बीच ट्रैफिक रुल्स निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर छात्राओं को ट्रैफिक रुल्स के लिए अवेयर किया गया। अच्छा लिखने वाले स्टूडेंट्स को मुख्य अतिथि हिंद पीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह के द्वारा प्राइज डिसटीब्यूशन का कार्यक्रम 21 नवंबर को स्कूल में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कुल 63 छात्राओ ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिए था। ट्रैफिक रूल निबंध प्रतियोगिता का फर्स्ट प्राइज आयशा परवीन क्लास 9वी, सेकंड प्राइज हुमैरा परवीन क्लास 10वी, और थर्ड प्राइज कुलसुम याजदानी क्लास 9वी को थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। सोहेल अख्तर स्टेट कन्वीनर सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर की अध्यक्षता में प्राइज बांटा गया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में स्कूल के. प्रिंसिपल रियाज अहमद और शिक्षक शकील अहमद और मोहम्मद आसिफ रिज़वी का योगदान रहा। इस प्रोग्राम में आमिर मोकामी मतलूब अहमद मौजूद थे।

## डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का सख्ती से निरीक्षण करने का दिया आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉज़ प्रभात कुमार द्वारा जिला सलाहकार समिति पीसी और पीएनडीटी की बैठक की अध्यक्षता की गई।

जिला सलाहकार समिति के बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल राँची, डॉज़ एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी× पीएनडीटी राँची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राँची, डॉज़ प्रभात शंकर, पीसी9पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में पीसी पीएनडीटी की सलाहकार समिति द्वारा निम्न निर्णय लिए गए- (1) नया निबंधन हेतु 07 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक का स्वीकृती दी गई। (2) नवीकरण हेतु 09 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को स्वीकृती दी गई। (3) सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा वैसे क्लिनिक जो nregistered है और कोई nqualified Person अल्ट्रासाउण्ड का कार्य कर रहा है उस पर कारवाई करने के निर्देश दिया गया।(4) मुखबरी योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। (5) सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारीयों को दिया गया। (6) डॉक्टर योगदान के लिए प्राप्त अभ्यावेदन में समिति द्वारा सर्वसम्मति से डॉक्टर योगदान की स्वीकृति दी गई। (7) समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जिन यूसीजी संस्थान का नवीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान नही की दी गई है, उनके संस्थान को फॉर्म-सी निर्गत की जाए।

### एडीजी अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर 24 नवंबर को करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची :** झारखंड एडीजी अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर 24 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी भी मौजद रहेंगे। इस दौरान जिलावार चिन्हित कर उपलब्ध कराये ब्लैक स्पॉट, एमवी एक्ट के तहत की गयी कार्रवाई, थाना में कितने फर्स्ट ऐड किट उपलब्ध कराये गये, प्रशिक्षित किये गये कर्मियों की संख्या, जीपीएस मैप कैमरा लाइट इंस्टॉल, क्यूआर कोड की जिलावार स्थिति और सड़क दुर्घटना की स्थिति व आंकड़ों पर चर्चा की जायेगी।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट से रिटायर खिलाड़ियों की पूछ बढ़ी : प्रवीण कुमार




**रांची।** 21नवंबर जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट में मणिपाल टाइगर्स की ओर से खेलने रांची पहुंचे गेंदबाज प्रवीण कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में होनेवाले लीग काफी प्रतिस्पर्धा वाले होते हैं और अपने टीम के लिए परफॉर्मेंस मायने रखता है। तभी आप प्लेइंग इलेवन में टीम में हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट से उनके जैसे खिलाड़ियों की भी पूछ बढ़ी है जो कभी इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी नाम कमा चुके होते हैं। बाद में जब भारतीय क्रिकेट टीम में जगह नहीं मिलती तो मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। कभी देश की टीम में अग्रणी भूमिका निभा चुके खिलाड़ियों के लिए खाली बैठना सजा से कम नहीं होता। ऐसे में लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने उनके जैसे खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच तैयार किया है। सीनियर जूनियर खिलाड़ियों के साथ मिलना भी संभव हो पाया है। गुजरात जायंट्स के साथ मिली जीत के संबंध में उन्होंने कहा कि 16 ओवर तक दोनों टीम बराबरी पर थी और उनकी मणिपाल टाईगर्स की स्पष्ट रणनीति थी कि विपक्षी टीम को आऊट कर ही जीत मिल सकती है। चूंकि हरभजन सिंह बड़े प्लेयर हैं और ऐसे खिलाड़ियों को पता होता है कि किस कंडीशन में कैसे जीत हासिल की जा सकती है, चाहे ओस पड़ रही हो , गेंद को ग्रिप में रखना मुश्किल हो, फिर भी भज्जी ने सही रणनीति से मैच जीता। प्रवीण कुमार ने अवाना और तिसारा परेरा की अंतिम ओवर में गेंदबाजी की भी प्रशंसा की।

# इंदिरा नगर कुष्ठ कॉलोनी पहुंचे निर्वाचन पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के वरीय पदाधिकारियों ने रांची जिले की निर्वाचन टीम के साथ जगन्नाथपुर स्थित इंदिरा कुष्ठ कॉलोनी में घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी परिवारों के सदस्यों के मतदाता पंजीकरण की भौतिक स्थिति जानी। इस दौरान अधिकारियों ने घर-घर जाकर यह जानने का प्रयास किया कि कोई पात्र मतदाता छूट तो नहीं रहा है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारियों गीता चौबे, देवदास दत्ता व संजय कुमार ने बीएलओ, सुपरवाइजर तथा एईआरओ द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुछ युवा मतदाताओं को मौके पर ही वोटर हेल्पलाइन एप भी इंस्टॉल करवाया गया।अधिकारियों ने बताया कि समाज के विभिन्न मार्जिनल वर्गों के मतदाताओं जैसे आदिम जनजाति, दिव्यांग जनों, आश्रय हीन, बुजुर्ग मतदाताओं आदि के लिए 28 नवंबर से लेकर 3 दिसंबर तक कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस सघन अभियान के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी अपने अपने स्तर पर इस अभियान में हिस्सा लेंगे।

इस स्थानीय भ्रमण के क्रम में रांची जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, पर्यवेक्षक अनिल कुमार, बीएलओ दिव्या एक्का, रवि कुमार भगत, त्रिभुवन कुमार सिंह, मुरली गोस्वामी, निर्मला ठाकुर, उमा मंडल, राधेश्याम प्रमाणिक, चंचला दास, सकीना देवी, प्रिया कुमारी ठाकुर, रिया कुमारी आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## कोकर व्यापार संघ का दीवाली मिलन समारोह संपन्न

**समारोह में सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलन कर समारोह का शुरुआत किया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोकर व्यापार संघ का दीपावली मिलन समारोह सह लाटरी ड्रा का आयोजन कोकर स्थित ब्लेसिंग बंक्वेंट हॉल में किया गया। समारोह में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, कार्यकारिणी रोहित पोद्दार, पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष रतन अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, तुषार विजयवर्गीय एवं पूर्व पार्षद अर्जुन यादव उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता जयदेव धूत ने किया, संचालन व्यापार संघ के उपाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव प्रदीप रवि ने किया। समारोह में सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलन कर समारोह का शुरुआत किया। समारोह मे लॉटरी ड्रा किया गया। लॉटरी ड्रा के संयोजक प्रमोद सिंघानिया एवं बीरेंद्र प्रसाद थे। समारोह के पश्चात सभी ने स्वरूचि भोजन का भी लुफ्त उठाया।

समारोह में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। पूर्व अध्यक्ष विकास विजयवर्गीय ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी का सपना 2027 तक 5 ट्रिलियन का है। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी सोनू मिश्रा ने दी।

## पुरनाडीह में 24 नवंबर को वीर शहीद वीर शहीद सिनगी दई प्रतिमा अनावरण सह जतरा का आयोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेंती पंचायत के कुटकी पुरनाडीह में 24 नवंबर को वीर शहीद सिनगी दई प्रतिमा अनावरण सह जतरा का आयोजन किया जाएगा.इसको लेकर पुरनाडीह गांव मेंआदिवासी युवा विकास समिति की बैठक की गई.जिसकी अध्यक्षता सुनील उरांव ने किया. बैठक में 24 नवंबर को पुरनाडीह गांव में आयोजित वीर शहीद सिनगी दई प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम सह जतरा मेला को सफल बनाने का निर्णय लिया गया.साथ ही कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई.समिति के लोगो ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड के श्रम एव नियोजन मंत्री सत्यानंद भोगता तथा अति विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,विशिष्ट अतिथि टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव,प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी, बीडियो देवलाल उरांव,बेंती मुखिया सरिता देवी,बिरसा ऐलिस चेरवा,खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,सरंक्षक जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ,संयोजक विनय खलखो सहित पंचायत प्रतिनिधियों एव सामाजिक प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है.बैठक में जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, सुनील उरांव, सागर उरांव, पुनीत उरांव, विशुन उरांव, रामविलास भोगता, विनय उरांव, विजय उरांव, रवि उरांव, बालेश्वर उरांव, जयपाल,रशल उरांव, गोपाल महतो,बुधा उरांव, जयनारायण, नागेश्वर उरांव सहित कई लोग मौजूद थे.

## विधायक समरीलाल ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**कांके विधायक समरीलाल ने मंगलवार को खलारी का दौरा किया.विधायक समरीलाल के खलारी पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया.विधायक ने खलारी में डीएमएफटी मद से बनने वाले एक पीसीसी सड़क का गुलजारबाग झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के निकट शिलान्यास किया.इससे पूर्व विधायक सहित सभी लोगो ने नारियल फोड़कर एव शिलापट से पर्दा हटाकर किया गया.उसके बाद विधायक ने खलारी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया.विद्यालय के शिक्षिकाओं द्वारा विधायक को कई समस्याओं से अवगत कराया गया.इस मौके पर विधायक समरीलाल ने कहा कि खलारी क्षेत्र में सांसद संजय सेठ तथा उनके प्रयास से डीएमएफटी मद से काफी विकास कार्य हो रहा है.कहा कि आने वाले दिनों में और भी विकास कार्य होगा.उन्होंने कहा कि खलारी में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़े और सरकारी पीएचसी अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध हो यह प्रयास किया जा रहा है. इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू,जीप सदस्य सरस्वती देवी,प्रीतम साहू,शैलेंद्र शर्मा,अरविंद सिंह,मुखिया पुतुल देवी,पुष्पा खलखो,पारस नाथ उरांव,मलका मुंडा, शिवरत मुंडा,तेजी किस्पोट्टा,अनिल गंझू, रतनलाल,दिलीप गंझू, संजीत तुरी,कुलदीप लोहरा सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे.

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का एनुअल इंटर स्कूल लिटरेरी इवेंट स्पीक आउट-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अमृतसर में आयोजित ऑनलाइन एनुअल इंटर स्कूल लिटरेरी इवेंट 'स्पीक आउट-2023' में एक बार फिर बाजी मारी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 46 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा 10वीं की निश्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हमारे विद्यालय को स्लैम पोएट्री श्रेणी के लिए ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा 11वीं के अतिशय सिंह एवं कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की।

## 63 वर्षीय पुनई उरांव 15 नवंबर से लापता

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के तेतर टोली भैसादोन गांव निवासी पुनई उरांव 63 वर्ष पिता स्व. चरवा उरांव दिनांक 15 नवंबर से लापता है। उक्त जनकारी पुनई उरांव का बहन अंजली उराईन ने दिया। अंजली ने बताया की पूनई उरांव का मानसिक संतुलन अचानक खराब होने की वजह से वह घर से कहीं चला गया और अभी तक लापता है। अंजली ने आग्रह किया है कि अगर किसी को उक्त आदमी के संबंध में पता चले या कोई भी जानकारी मिले तो अंजली का नंबर 8521589579 में सूचित करने का कष्ट करेंगे।

## पंचायतीराज व्यवस्था को अपनाते हैं तो आदिवासी संस्कृति सभ्यता खत्म हो जायेगा : शिल्पी नेहा तिर्की

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी मोड़ में मंगलवार को आदिवासियों का एक दिवसीय विशाल सोहराई पड़हा जतरा मे बौतर मुख्य अतिथि मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने जतरा को पूर्वजो के सामाजिक व्यस्था बताते हुए अपनी संस्कृति सभ्यता को बचाए रखने का संकल्प दोहराया. साथ ही लोगों को जतरा मे आदिवासी संस्कृति की झलक मे योगदान निभाने की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने कहा आने वाले समय में इस जतरा का आयोजन और भी भव्य रूप से किया जाएगा . वहीं जतरा के विशिष्ट अतिथि रहे भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा की पहले सरना आदिवासियों की आबादी 38 प्रतिशत था पर अब घट करके 26 प्रतिशत रह गया है. अगर अब भी हम आदिवासियों की संस्कृति और सभ्यता को नहीं बचाते है तो आने वाले समय में हमारा आबादी भी जीरो हो जाएगी.

# उपायुक्त की अध्यक्षता में नगर पंचायत के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नगर निकाय के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षात्क बैठक आयोजित हुई। इसमें शहरी जलापूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विश्व बैंक संपोषित सरकार की महत्वकांक्षी शहरी जलापूर्ति योजना, खूंटी के कार्य एजेंसी को शहरी जलापूर्ति के कार्य की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया। नगर पंचायत, खूंटी के प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रगति के विषय में विस्तार से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना तहत लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों निर्देश दिया कि सोलिड वेस्ट का यथोचित निस्तारण किया सुनिष्चित जाना चाहिए। उपायुक्त ने खूंटी जिला मुख्यालय में पार्किंग जोन के लिए चिन्हित स्थल का प्रचार-प्रसार करने की बात कहते हुए संबंधित अधिकारी को वाहनों का पार्किंग जोन में लगना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर पंचायत खूंटी के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मांडर प्रखण्ड अंजुमन चुनाव के लिए प्रतियाशियों में नामांकन के लिए देखा गया उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखण्ड अंजुमन चुनाव समिति द्वारा मंगलवार को चुनाव कार्यालय में सदर पद के लिए शमीम अख्तर सुरसा ने नामांकन दाखिल कर दिया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए शफीक अंसारी मलती ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी, चुनाव प्रभारी इरशाद इमाम, सईद अख्तर, आरिफ अंसारी, इरशाद अंसारी, शाहिद मिंया, फिरोज अंसारी, नसीम अंसारी, जहीर खान, समीम अंसारी, अमानत अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# गुरुनानक जयंती के अवसर पर पिपरवार मे निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा गुरूद्वारा मे आगामी 27 नवम्बर को गुरूनानक देव जी की 554 वीं जयंती मनाया जाएगा।इसको लेकर बचरा गुरूद्वारा कमेटी द्वारा सारी तैयारी की जा रही है।गुरूनानक देव जी की जंयती के मौके पर मंगलवार की सुबह बचरा गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा तीन दिवसीय प्रभात फैरी की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार पहले दिन यह प्रभात फेरी बचरा गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ,जो 64 कॉलोनी,122 कॉलोनी, माइन्स कॉलोनी और 172 कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी और जगह का भ्रमण किया।इस दौरान प्रभात फेरी का कई जगह पर स्वागत भी किया गया।इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरुनानक देव जी की जयंती बचरा में धूमधाम के साथ मनाई जाती है।गुरुनानक देव जी की जयंती से पूर्व पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके में प्रभात फेरी निकाली जाती है,जिसमें सिख समुदाय के सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल होते हैं।यह प्रभात फेरी पिपरवार क्षेत्र के सभी आवासीय कालोनी सहित कई जगहों का भ्रमण करती है।इस दौरान प्रभात फेरी का कई जगह पर स्वागत भी किया जाता है।प्रभात फेरी के दौरान सिख समुदाय की महिलाओं के द्वारा कीर्तन भी गाया जाता है।इस मौके पर प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सरदार कुलदीप सिंह,निर्मल सिंह,सेवा सिंह,बक्शी सिंह, कलवंत सिंह,प्रताप सिंह, दिलबाग सिंह,जगजीत सिंह, हरजिंदर सिंह,अमन कुमार, बल्लु सिंह,रंजीत सिंह सहित काफी संख्या मे सिख सुमदाय की महिला,पुरूष और बच्चे प्रभात फैरी मे शामिल हुए।

# झारखण्ड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार के बहेरा गांव पहुंचने पर कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने सहित कई समस्याओ पर चर्चा की।बहेरा गांव स्थित मदरसा के पास उन्होंने स्थानीय ग्रामीणो के साथ बैठक की,जिसमे उन्होंने पिपरवार क्षेत्र की विभिन्न समस्या पर विस्तार से चर्चा की।बैठक के दौरान स्थानीय ग्रामीणो ने उन्हे क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया।इस दौरान बहेरा से कल्याणपुर तक अधुरे सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी।वही पूर्व मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग की।इस संबंध मे श्री त्रिपाठी ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के कोयले से देश की राजधानी दिल्ली जगमगाती है,लेकिन यहां के लोग धुल फांकने को मजबूर है।अरबो रूपये का राजस्व देने वाले पिपरवार क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधा से वंचित है।उन्होंने कहा कि अपनी पूर्वजो की जमीन सीसीएल को देकर कोयला खदान चालु कराने वाले भू रैयत आज भी अपने हक अधिकार से वंचित है और कार्यलयो का चक्कर लगा रहे है।

# व्यवहार न्यायालय खूंटी में 04 दिवसीय राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित विशेष लोक अदालत का शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उच्च न्यायालय रांची, झारखण्ड के निर्देश के आलोक में एवं व्यवहार न्यायालय खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डी0एल0एस0ए0 अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में 04 दिवसीय राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित विशेष लोक अदालत का शुभारंभ हुआ। यह विशेष लोक अदालत 21/11/2023 से शुरू होकर 24/11/2023 तक चलेगा। उक्त विशेष लोक अदालत के अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, खूंटी एवं अनुमण्डलीय न्यायालय/कार्यालय में राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित वादों का सुलह समझौता करवाया जा रहा है। व्यवहार न्यायालय, खूंटी में विशेष लोक अदालत का उद्घाटन व्यवहार न्यायालय,खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डी0एल0एस0ए0 अध्यक्ष सत्य प्रकाश के द्वारा किया गया। डालसा, सचिव मनोरंजन कुमार ने लोगों से अपील की है कि उक्त चार दिवसीय विशेष लोक अदालत में आकर अपने लंबित दीवानी (जमीन जायदाद) एवं राजस्व से संबंधित वादों को सुलह के आधार पर समाप्त कराएं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित विवादों को उक्त विशेष लोक अदालत के अर्न्तगत दिनांक 21/11/2023 से 24/11/2023 के बीच व्यवहार न्यायालय, खूंटी एवं अनुमण्डलीय न्यायालय / अंचल कार्यालय में आकर सुलह समझौता के आधार पर समाप्त करवाएं एवं विवादों में लगने वाले समय एवं अत्यधिक खर्च की बचत करें। इस अवसर पर जिला जज प्रथम, संजय कुमार, जिला जज द्वितीय, सत्यकाम प्रियदर्शी, दिनेश बाउरी, न्यायिक दण्डाधिकारी तुषार आनन्द, सभी चारों एल0 ए0 डी0 सी0 राजीव कमल नम्रता कुमारी, अमरदीप कुमार. रविकान्त शर्मा, डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज एवं डी0एल0एस0ए. के पीएलवी. नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप इत्यादि उपस्थित रहे।

## धोखे से अंगुठा लगाकर बैंक खाता पैसा उड़ा लिये

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नेहालू कपरिया पंचायत के जेजेटोली गांव के दर्जनों ग्रामीणों के साथ धोखा से सातिर अपराधियों ने अंगुठा लगवाकर बैंक खाता से पैसा निकाल लिया। ग्रामीणों ने बताया कि मोटरसाईकिल सवार अंजान व्यतिक्त राशन कार्ड बनवाने के नाम पर अधार कार्ड, मोबाईल का मांग कर अंगुठा लगवा लिया। ग्रामीणों को उस वक्त पता नहीं चल पाया। एक-एक ग्रामीणों से अंगुठा लगाकर 37600 रूपैया का निकासी कर लिया। इधर पीड़ित परिवार पंचायत के प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप और पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत लिखित आवेदन देकर न्याय दिलवाने का मांग किया है।

# बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के पतराहातु पंचायत भवन में मंगलवार को आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ मकुंद चंद्र मेहता ने किया।

बैठक में पंचायत स्तर में विस्ताकरण हेतु चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने एवं अधिक से अधिक लोगों को मंच से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक संचालन कृष्ण प्रमाणिक, धन्यवाद ज्ञापन व समापन विजय चंद्र महतो ने किया। इस मौके पर मंच के पदाधिकारी लंबोदर महतो सोनाहातू पूर्वी के प्रखंड अध्यक्ष करम सिंह महतो, लखीन्द्र महतो, राहेके प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर महतो, रास बिहारी महतो, गयाराम महतो, महेश्वर हजाम, बुद्धदेव दत्त ,मुचिराम महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बहेरा मे डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत मे बहेरा मस्जिद से लेकर बहेरा पंचायत भवन राजधर तक डीएमएफटी फंड से नवनिर्मित सड़क निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने नारियल फोडकर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।इस संबंध मे मुखिया रेखा देवी ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से स्थानीय ग्रामीणो सहित आने जाने वाले लोगो को काफी सहूलियत होगी।

उन्होंने कहा कि पहले यह सड़क काफी जर्जर थी और बरसात के मौसम में आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन डीएमएफटी फंड से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।अब यह सड़क बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि पंचायत के अन्य कच्ची सड़क को भी जल्द बनाने का काम किया जाएगा।इसके लिए आगे की प्रक्रिया की जारी है।पंचायत के विकास कार्य को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने स्थानीय लोगों से भी विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।इस मौके पर संवेदक राजेश महतो,क़ासिम उर्फ मुन्ना, जितेन्द्र कुमार,फहीम रजा, मोहम्मद फिरोज,सबा निखत,फैय्याज खान,सबा तरन्नुम,सचिन पासवान, बिजली महतो,रमेश मुंडा, आदित्य पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# पशुधन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों को चुजा व 15 लाभुकों को सुकर का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय के पुराना ब्लॉक प्रांगण में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत कल्याण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का पूर्ण अनुदानित चुजा व सूकर का वितरण किया गया। 10 लाभूकों को कुक्कुट बैकट लेयर का चूजा व 15 लाभिकों के बीच सुकर का वितरण किया। इससे पूर्व शनिवार को 20 लाभुकों के बिच सूकर और 19 लाभुकों के बिच ब्रायलर कुक्कुट चुजा का वितरण किया गया। लेयर चूज़ा के साथ ड्रिंकिंग फीडर, दवा, ड्रिंकिंग स्टैंड, बर्तन, दाना, रस्सी सामग्री वितरण दिया गया। वहीं सुकर पालन के लिए सुकर बच्चा, डब्बा, बर्तन, ड्रम, तगाड़ी, चारा, दवा का वितरण किया गया। वितरण कल्याण पदाधिकारी बासुदेव बड़ाईक के देखरेख में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया लक्ष्मी कोया,बिरसा उराँव व सुनिल कच्छप ने संयुक्त रूप से वितरण किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा गांव कृषि व पशुपालन पर निर्भर रहते है। सरकार आमजनों की आमदनी बढ़ाने के उदेश्य को पूर्ण करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है । पशुपालन भी इनमें से एक है। लोग सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें। लोग सरकार की जानकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े व अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगो को लाभान्वित किया जा सके। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने योजना की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ने का अपील किया।

## संत जोंस हाई स्कूल के छात्र का शव हुआ बरामद जांच में जुटी पुलिस

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के नवाटांड स्थित संत जोंस हाई स्कूल के हॉस्टल से युवराज पासवान नामक एक छात्र का शव बरामद हुआ है पुलिस ने बरामद शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है बताया जा रहा है कि मृतक छात्र चतरा जिले के अंतर्गत हंटरगंज का रहने वाला था और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था युवराज पासवान की मौत को लेकर स्कूल प्रबंधन का कहना है की छात्र ने शाम को हॉस्टल परिसर स्थित कुएं में कूद कर आत्महत्या की है जबकि परिजनों के द्वारा हत्या का आरोप लगते हुए थाने में आवेदन दिया है दिए गए आवेदन के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

## चोरी करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार भेजा जेल

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी अन्तर्गत हिंडाल्को कॉलोनी में चोरी करने के आरोप मे दो युवक गिरफ्तार। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटा मुरी पहाड़ी मोहल्ला निवासी इम्तियाज आलम उम्र करीब 35 वर्ष, साहिल खान उम्र करीब 25 वर्ष सोमवार के दिन दोपहर के लगभग दो बजे के लगभग हिंडाल्को परिसर के ब्लॉक ए कमरा नम्बर दो के बंद कमरे का लॉक खोलकर चोरी करने के प्रयास कर रहे थे तभी हिंडालको के सिक्योरिटी गार्ड ने देख लिया एवं दोनों चोर को पकड़ कर मुरी ओपी को सुपुर्द कर दिया गया। मुरी ओपी ने दोनो को गिरफ्तार कर थाना कांड संख्या 89/23 धारा 454/369/511/34 भा0 द0 वि0 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राधा कृष्ण मन्दिर बिरला नालेज सिटी ,आरा महिलोंग रांची मे भव्य माँ जगद्धात्री के पूजन का आयोजन किया गया। पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम मे महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रदेश महामंत्री डॉक्टर प्रदीप वर्मा, एस बी यू के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, रजिस्ट्रार विजय कुमार सिंह, सरिता वर्मा, आदित्य विक्रम,आरजू देवी, आशुतोष द्विवेदी , रविंद्र तिवारी, कर्नल बी के सिंह,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो , महामंत्री अमित मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयु प्रसाद,बनमाली महतो,जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा,प्रशांत जी,संजीत सिंह,संजीव सिंह,नित्यानंद मिश्रा,आरती कुजुर,महेंद्र करमाली,रिंकू सिंह,शैलेश मिश्रा,गिरिधर मिश्रा,राजेश मिश्रा,सोहन मुंडा इत्यादि गण मान्य के अलावे सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हुलाडेक रिसाइक्लिंग ने त्योहार सीजन में शहर से 3500 किलोग्राम से अधिक ई-कचरा एकत्र किया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ई-कचरा प्रबंधन कंपनी हुलाडेक रिसाइक्लिंग प्रा. लिमिटेड ने इस त्योहार के सीजन में बड़े पैमाने पर ई-कचरा संग्रह अभियान जमशेदपुर और उसके करीब के इलाकों में चलाया और 3500 किलोग्राम से अधिक इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रॉनिक वर्ज्य एकत्र किया। हुलाडेक रिसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंदन मल्ल ने कहा, हम जमशेदपुर के प्रदेशवासियों और संगठनों के आभारी हैं जिन्होंने इस संग्रह अभियान का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि, हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग ने एआईडब्ल्यूसी अकादमी ऑफ एक्सीलेंस और राजेंद्र विद्यालय जैसे स्कूलों के साथ गंठजोड़ किया साथ ही इस अभियान के लिए इनर व्हील क्लब और टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड जैसे संगठनों के साथ हाथ मिलाया।

## पिता की हत्या के आरोपी युवक को 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना अंतर्गत गाड़ीग्राम टोला आमकांड़ी निवासी मंगल माझी की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र अशोक माझी को सोमवार की देर रात उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर पटमदा एवं कमलपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए छापेमारी अभियान के क्रम में पुलिस ने आरोपी को पश्चिम बंगाल के बराबाजार थाना अंतर्गत बाजरा गांव से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार की सुबह को पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने पूछताछ के बाद उसे दोपहर को जेल भेज दिया।

## गम्हरिया प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 से

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गम्हरिया प्रखंड के 21 पंचायतों में किया जाएगा। तृतीय चरण का यह कार्यक्रम आगामी 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक चलेगा। इसका शुभारंभ 24 नवंबर को गम्हरिया प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत सचिवालय से किया जाएगा। प्रखंड के 21 पंचायतों में वरीय पदाधिकारी के रूप में आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त होंगे। तत्पश्चात आगामी 25 नवंबर को नारायणपुर पंचायत सचिवालय में इसका आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार, 28 नवंबर को डूडरा, 29 को इटागढ़, 30 को बड़ाकाकड़ा, 2 को दुगनी, 4 को नुवागढ़, 5 को कालिकापुर, 6 को टेंटोपोसी, 7 को मुड़िया, 8 को बांधडीह, 9 को बीरबाँस, 11 को यशपुर, 14 को चमारू, 16 को दुग्धा, 18 को कांड्रा, 19 को डुमरा, 20 को जयकन, 21 को छोटा गम्हरिया, 23 को बुरुडीह और 26 नवंबर को रापचा पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर इसका समापन किया जाएगा।

## बीएनएमएच के कार्डियक टीम में डॉ. अखलाक अहमद शामिल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ की एक इकाई) ने अपनी कार्डियक टीम में डॉ. अखलाक अहमद को शामिल किया हैं। डॉ. अहमद अपने साथ कार्डियक केयर में एक उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं, जिसमें विशेषज्ञता और कार्डियक स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए एक समर्पण है। उन्नत हृदय देखभाल में डॉ. अहमद का अनुभव और विशेषज्ञता, ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) में हृदय विभाग को और मजबूत करेगी। डॉ. अहमद ने कहा कि मैं ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जो रोगी देखभाल में उत्कृष्टता और राज्य में हृदय स्वास्थ्य देखभाल की उन्नति के लिए समर्पित है। साथ मिलकर, हम उच्च गुणवत्ता वाली हृदय संबंधी देखभाल प्रदान करके समुदाय की भलाई एवं इसे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वही बीएनएमएच जमशेदपुर के सुविधा निदेशक विनीत राज ने कहा की डॉ. अहमद का बीएनएमएच में शामिल होना समाज को असाधारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के हमारे अस्पताल के मिशन के साथ संरेखित है, जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और बढ़ाता है। डॉ. अहमद की शैक्षिक यात्रा दरभंगा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के साथ शुरू हुई और उसके बाद डीएमसीएच, दरभंगा में एमडी (आंतरिक चिकित्सा) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बाद में उन्होंने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआईएमएस), लखनऊ में कार्डियोलॉजी में अपना विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया और डीएम की डिग्री हासिल की।

## दुलमी में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को कुकडु प्रखंड क्षेत्र के ओड़िया पंचायत के राज स्टेडियम दुलमी में जय मां काली क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय आठ दलिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन ओड़िया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी गौरांग दत्ता ने किया। प्रतियोगिता में विजय हुए टीम दुलमी और ऊपविजेता टीम ओड़िया को पंसस प्रतिनिधि के हाथों द्वारा प्राइज वितरण किया गया। मौके पर दुखः हरण सेन, सीमंत महतो, बुद्धदेव बनर्जी, शिवचरण आड्डी, मोनज पाल, झंटू दे, पुरन प्रमाणिक,सुसेन चंद्र,संकर दत्ता,सोबिन दत्ता,मंगल दास,किनकर रजक,सौरभ चेटार्जी, रोहित दे, अनिरुद्ध दास, नेपाल चंद्र,बबलू प्रमाणिक, तेजु दास,मंगल दे आदि के साथ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमि उपस्थित थे।

## उदयन संघ का श्रीश्री जगद्धात्री पूजा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन उदयन संघ अपना 58वां श्रीश्री जगद्धात्री पूजा का आयोजन कर रहा है। यह शहर की सबसे पुरानी जगद्धात्री पूजा में से एक है। इसकी खासियत यह है कि इसका आयोजन मुख्य रूप से सभी वरिष्ठ नागरिकों और अधिकतर महिलाओं द्वारा किया जाता है। आज 21 नवंबर की शाम को क्लब सदस्यों द्वारा संगीतमय सांस्कृतिक समारोह हुआ। 22 नवंबर को स्थानीय प्रतिष्ठित कलाकार विविध मनोरंजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं प्रतिमा विसर्जन 23 नवंबर गुरुवार को खरकई नदी पर होगा।

# चांडिल जंक्शन का निरीक्षण करने पहली बार पहुंचे रेल मंत्री अश्विन वैष्णव

### पांच करोड़ रुपए के लागत से बदलेगा स्टेशन का कायाकल्प, निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से रूबरू हुए मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के दक्षिण पूर्वी रेलवे आद्रा प्रमंडल के अधीन चांडिल जंक्शन का निरक्षण करने पहुंचे रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि चांडिल के नागरीक आप अपने रेलवे स्टेशन को केसे बनाना चाहते है,जिसका मैप बनाकर रांची संसद संजय सेठ के साथ ग्रामीण बैठक करके निर्णय ले ओर हमे भेजे में उसी प्रकार आपका अमृत भारत स्टेशन बनेगा ।इसी दौरान प्लेट फर्म 2 में खड़े होकर कहा पांच करोड़ों रुपया लागत बनने जा रहा हे , आपका रेलवे स्टेशन जिसका कायापलट बदलने जा रहा हे।रेल मंत्री केसे पहुंचे चांडिल जंक्शन में शेलुन ट्रैन के माध्यम से पहुंचे और



चांडिल की जनता से मिले और पूछे केसे बनेगा आपका रेलवे स्टेशन आप ही चुने । नीमडीह पश्चिम के भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने रेल मंत्री को 5 सूत्री मांग पत्र सोपा,जिसमे झिमडी स्टेशन में प्लाट फॉम 2 का निर्माण सहित मुरी चांडिल होते हुए चाईबासा एवं धनबाद ट्रेन का संचालन, बांदू से चांडिल स्टेशन तक सड़क निर्माण को लेकर सोपा। भारत सरकार द्वारा तीन ट्रैन का हरी झंडी दिखाने के बाद , बादाम पहाड़ से राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे टाटानगर रेलवे स्टेशन, पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत,कई संगठनों ने अपनी समस्याओं से संबंधित रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन, इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो, संजय सेठ ,पुरुलिया सांसद ज्योतिर महतो भी मौजूद रहे। रेल मंत्री के साथ तीनो सांसद थर्ड लाइन का इंस्पेक्शन करने के लिए टाटानगर से हटिया के लिए हुए रवाना हुआ । भारत सरकार के रेल मंत्री उड़ीसा के बादाम पहाड़ से तीन ट्रेनों का हरी झंडी देने के बाद टाटानगर रेलवे स्टेशन होते हुए चांडिल पहुंचे ।जहां चांडिल स्टेशन पर भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ में रांची के सांसद संजय सेठ जमशेदपुर के सांसद विद्युत भरण महतो भी मौजूद रहे वैसे 5 करोड़ की लागत से चांडिल रेलवे स्टेशन का काया पलट किया जाएगा ।वही स्टेशन पर तीन लिफ्ट लगाया जाएगा। वैसे टाटानगर रेलवे स्टेशन को दुनिया का सबसे बढ़िया रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है ।उधर जयनगर और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेन भी बहुत जल्द चलेगी साथ ही साउथ के लिए भी ट्रेन खोला जाएगा ।वैसे रेल मंत्री को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर जिला अध्यक्ष विजय महतो, जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, कुकडु प्रखंड अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, भाजपा नेत्री सारथी महतो, अनिता पारित, प्रभात पोद्दार, बलराम महतो, दीपक देव महतो, सुमन मुखर्जी, विशाल चौधरी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर स्कूटी सवार महिला की मौत, पति घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर केंदु गाछ के समीप अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से स्कूटी सवार एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी चला रहे उसके पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वहीं घायल व्यक्ति को इलाज के लिए टीएमएच भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने वाला एक फौजी वाहन है। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे हुई। इस सड़क दुर्घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, गम्हरिया के सनराइज एनक्लेव निवासी शरण तिर्की अपनी पत्नी के साथ स्कूटी (संख्या-जेएच022ए/1087) से आदित्यपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान केंदू पेड़ के समीप पीछे से आ रहे एक वाहन द्वारा स्कूटी में टक्कर मार दी गई ।

## टाटानगर गौशाला के 104वां गोपाष्टमी समारोह में भजनों पर लगे गौ माता के जयकारे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला कमिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 104वां गोपाष्टमी समारोह के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह घाघीडीह जेल के पीछे कलियाडीह स्थित गौसदन में सुबह 10 बजरंगबली का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद गौपूजन हुआ। साथ ही भजन समारोह का आयोजन हुआ। स्थानीय भजन गायक रोहित गुलाटी ने गणेश वंदना से भजनों की अमृत वर्षा की। कार्यक्रम का सफल संचालन सह सचिव एवं राजेश हरनाथका ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं उपाध्यक्ष राजू गिरी भी समारोह में शामिल होकर गौ सेवा की। गौशाला कमिटी के पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान अतिथिगण एक प्रमुख समस्या सिंगल रोड़ समेत कई समस्याओं से अवगत हुए। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव



रंजन प्रसाद ने पोटका विधायक संजीव सरदार से वार्त्ता कर सड़क की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। यह कार्यक्रम समाजसेवी अशोक भालोटिया और रतनलाल मेंगोतिया के सौजन्य से संपन्न हुआ। मंगलवार दोपहर में आयोजित प्रसाद में शहर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अशोक भालाटिया, निर्मल काबरा, उमेश शाह, अशोक मोदी, मुकेश मित्तल, विजय आनन्द मूनका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कदमडीहा में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को प्रखंड के कदमडीहा के संपूर्ण गांव में पीसीसी पथ का सुदृढ़ीकरण,नाली एवं गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया. इस दौरान विधायक श्री गागराई ने कहा कि बरसात के दिनों में उक्त बस्ती के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. विधायक ने कहा कि वह शिलापट्ट पर अंकित नाम पर नहीं, बल्कि काम पर विश्वास रखते है. उन्होंने कहा कि मैं घोषणा में नहीं काम पर विश्वास रखता हूं. आज तक मैंने जो वादा किया है उसे पूरा किया हूं. मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब 2.26 करोड़ की लागत से कदमडीहा गांव के सभी मुहल्लों में पीसीसी सड़क का निर्माण किया



जायेगा. इससे एक बड़ी आवादी को आवागमन में सुविधा होगी. शिलान्यास में मुख्य रूप से हाजी अब्दुल गनी, हाजी अब्दुल लतिफ, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, जिप सदस्य काली चरण बानरा, अनूप सिंहदेव, मो मनीर, राजू मुस्ताक, मो सब्बीर, सुनीत तापे, अमर हांसदा, मो खालिद, मो वसी, अकबर जिया, संजय प्रधान, अजय समड़, मो सनोबर, भवेश मिश्रा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## जेएसएलपीएस की ओर से निकाली गई नशा मुक्ति जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** नशा मुक्ति को लेकर जेएसएलपीएस की ओर से मंगलवार को प्रखंड समन्वयक मेनुका महतो के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली राजनगर प्रखंड कार्यालय से शुरू होकर राजनगर उरांव बस्ती एवं गम्देसाई में भी रैली निकाली गई। रैली के दौरान महिलाओं ने जन - जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना प्रदेश, नशापान से घर में सुखी नहीं दुखी लाता है। आदि नारे लगाए गए। इस अवसर पर अंचलाधिकारी हरिश चन्द्र मुंडा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुप्रिया शर्मा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तियु, प्रखंड समन्वयक मेनुका महतो आदि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने विधायक सविता महतो को सौपा पांच सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधायक सविता महतो के कदमा उलियान स्थित आवास में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने विधायक को सरकार के समक्ष प्रस्तावित करने के सम्बन्ध में पांच सूत्री मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में उन्होंने कहा पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ पारदर्शी व जवाबदेही बनाने एवं ग्राम पंचायत प्रबंधन हेतु पंचायत स्तर पर वर्ष 2016 में विज्ञापन के तहत रिक्तियां निकाला गया जिसमें प्रत्येक पंचायत में चार-चार



प्रतिभागी का चयन किया जाना था। सभी स्वयंसेवको द्वारा 2016 से अपने पंचायत के सभी तरह के केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना को धरातल पर उतरने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उक्त कार्य के एवज में एक निश्चित प्रोत्साहन राशि ससमय उपलब्ध नहीं होती है जो महंगाई के इस जमाने में पर्याप्त नहीं है जिससे परिवार की स्थिति दयनीय हो चुकी है। वर्तमान में सभी पंचायत सचिवालय संघ के सदस्य प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल में है। क्योंकि जिस तरह राज्य सरकार अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों जैसे जल सहिया, श्रमिक मित्र, उद्यान मित्र एवं किसान मित्र जिसकी चयन प्रक्रिया इससे से भिन्न है उक्त सभी मांगों पर सरकार गंभीर एवं कार्यनवत है। मौके पर अध्यक्ष बुधु मांझी, सचिव अजय कुमार गोप, कोषाधयक्ष बंकीम चंद्र दास एवं ईचागढ़ विधानसभा के चारो प्रखंड के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## जमशेदपुर की कवयित्री सह लेखिका अंकिता रांची में स्पेनिश साहित्य गौरव सम्मान से होंगी सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवयित्री और लेखिका अंकिता सिन्हा को रांची में 25 नवंबर को स्पेनिश साहित्य गौरव सम्मान से मिलेगा। इस सम्मान के लिए डॉ माया प्रसाद एवं डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी लेखिका अंकिता सिन्हा का चयन किया हैं। विदित हो की अंकिता सिन्हा की तीन पुस्तक आकांक्षा, कोरोनाकाल और मेरी दुनिया मेरी मां प्रकाशित हो चुकी है। डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान और स्पेनिन साहित्य



गौरव सम्मान के लिए डॉ माया प्रसाद और डॉ अशोक प्रियदर्शी ने इन प्रबुद्ध लेखकों का चयन किया है, जिसमे डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान 2023 के लिए यह सम्मान मयंक मुरारी को उनके संपूर्ण साहित्य को ध्यान में रखकर देने का निर्णय लिया गया है। डॉ मयंक मुरारी का संपूर्ण लेखन भारतीय अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञानात्मक समृद्धि से हमें परिचित कराता है। स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान के लिए तीन नामों को चुना गया है जिसमें नंदा पांडेय, जमशेदपुर की अंकिता सिन्हा और मनोज कुमार कपरदार शामिल है।

## टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स ने 80 प्रतिशत से अधिक स्थानीय युवाओं को किया भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसडीपीएल) के जमशेदपुर प्लांट के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की घोषणा की है। जिसमे 80 प्रतिशत से अधिक झारखंड के स्थानीय निवासी हैं, जो इस बात का प्रमाण है कंपनी का ध्यान अपने परिचालन स्थानों पर युवाओं को रोजगार प्रदान करने पर है। यह कदम निजी क्षेत्र में भी स्थानीय उम्मीदवारों के लिए झारखंड सरकार के रोजगार नियमों के अनुसार है, जिसके तहत कुछ नौकरियों में न्यूनतम 75 प्रतिशत नौकरियां योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को देने का आदेश दिया गया है। कंपनी ने एक पारदर्शी और निष्पक्ष चयन



प्रक्रिया अपनाई है जिसमें लिखित परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार शामिल हैं। कंपनी राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने और झारखंड की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि यह निकट भविष्य में अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ा रही है।

# हेमंत सोरेन की सोच को धरातल पर उतारने में लगे हैं झामुमो नेता जामिनी प्रमाणिक, प्रतिदिन घर पर सुनते हैं लोगों की समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा गांव निवासी करीब 45 वर्षीय झामुमो नेता जामिनी प्रमाणिक राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच को धरातल पर उतारने में दिन-रात लगे हुए हैं। 10वीं तक की पढ़ाई कर चुके जामिनी झामुमो के पटमदा प्रखंड कमेटी में कोषाध्यक्ष का पद भी संभाल रहे हैं। वे प्रतिदिन सुबह और शाम को क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए दरबार लगा उनकी समस्याएं सुनते हैं। प्रतिदिन उनके घर पर कम से कम आधे दर्जन लोग पहुंचते हैं जो वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, राशन की समस्या, घरेलू विवाद, स्वास्थ्य संबंधी समास्याओं को लेकर उनसे मदद मांगते हैं। वे किसी भी समस्या पर तुरंत ध्यान देते हुए संबधित विभाग या बैंक व थाने पहुंचकर समाधान हेतु पहल करते हैं। पेंशन, राशन व स्वास्थ्य संबंधी समास्याओं का निदान के लिए उन्हें जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। जिन समास्याओं का समाधान अपने स्तर से नहीं कर पाते हैं उसके लिए स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी से संपर्क करते हैं और समाधान होने



तक लगे रहते हैं । वे किसी मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने व उन्हें जरूरत के मुताबिक खून की व्यवस्था या आर्थिक मदद विधायक से करवाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की काफी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिसका लाभ दिलाने के लिए वे लोगों को जागरूक भी करते हैं। वे गरीब परिवारों के लिए हेमंत सरकार की सर्वजन पेंशन योजना को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जिसका लाभ प्रत्येक गांव के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने अब तक 300 लोगों का आवेदन खुद भरकर लाभ दिला चुके हैं। जामिनी बताते हैं कि वे किसी से भी मदद के नाम पर पैसा नहीं लेते हैं बल्कि जरूरत पड़ने पर असहाय लोगों को 100-200 रुपए तक की मदद कर देते हैं। वे 2010 से ही समाज सेवा का काम कर रहे हैं और अब तक क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों की मदद कर चुके हैं।

### जामिनी बहुत ही ईमानदार व कर्मठ कार्यकर्ता हैं : शंभू दास

बिड़रा पंचायत के दगड़ीगोड़ा निवासी ग्राम प्रधान सह झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंभू दास ने कहा कि जामिनी बहुत ही ईमानदार एवं कर्मठ कार्यकर्ता है और वह हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। क्षेत्र के अधिकांश लोगों के पास उनका फोन नंबर है और किसी भी तरह की जरूरत में उन्हें कॉल करने पर वह तुरंत सक्रिय हो जाते हैं।

### जामिनी बाबू अन्य कार्यकर्ताओं के लिए है प्रेरणास्रोत : चन्द्रशेखर टुडू

जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने कहा कि जामिनी प्रमाणिक अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनपर गर्व है जो जनसेवा को पूरी तरह समर्पित हैं।

## संपादकीय

# बदलता यात्रा वृतांत

कुल्लू की उड़ान के बाद जहाज अब अमृतसर-शिमला को हवाई यात्राओं के नए सफर पर ले जा रहा है। कुछ नए रास्ते इजहार के, आकाश के दरम्यान निखार के। पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुनः जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं। जिस दिन कांगड़ा एयरपोर्ट अपनी लंबाई के उत्तर-दक्षिण छोर को तकरीबन तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी से जोड़ पाया, उस दिन यह प्रदेश पर्यटन की नई जमात में प्रवेश करके असीमित संभावनाओं को आमंत्रित कर पाएगा। कुछ इसी तरह फोरलेन के निर्माण से हिमाचल का यात्रा वृतांत बदल रहा है और आने वाले दो सालों में पर्यटक अनुभव की कई नई शाखाएं विकसित हो सकती हैं। एयर व सडक़ कनेक्टिविटी के अलावा ऊना के अंब-अंदौरा तक पहुंच रही 'वंदे भारत' ट्रेन ने दिल्ली से हिमाचल की यात्रा के नए अनुभव जोड़े हैं। अंब-अंदौरा तक पहुंची ट्रेन का रुख जिस दिन मोड़ कर ज्वालामुखी तक भी जुड़ गया, हमारा धार्मिक पर्यटन, बाइक-ट्रक व ट्रैक्टर भ्रमण से कहीं आगे तिरुपति की तरह लाजवाब हो जाएगा। बेहतर तब होगा जब नेता अपनी-अपनी विधानसभा या लोकसभा सीटों के राजनीतिक नक्शे के बजाय प्रदेश की प्राथमिकताओं में ऐसी परियोजनाओं को परिमार्जित करना सीख जाएं। बहरहाल पहली ही उड़ान अमृतसर से शिमला तक 17 यात्री खींच लाई, लेकिन ऐसी उड़ानों को 'ट्रैवल विद टूरिज्म' के इंतजाम के साथ जोडऩा होगा। अभी तक बढ़ती उड़ानें या 'वंदे भारत' का सफर केवल यात्रियों की पसंद और प्राथमिकता हैं। इन्हें 'ट्रैवल विद टूरिज्म' का सहयोगी बनाने के लिए हिमाचल पर्यटन व परिवहन को भी पैकेज टूअर जोडऩे चाहिएं। मसलन 'वंदे भारत' के साथ हिमाचल पर्यटन हर आने वाले को अंब-अंदौरा से आगे विभिन्न डेस्टिनेशन तक पहुंचाने, ठहराने व घुमाने का पैकेज जोड़ सकता है। इसी तरह अमृतसर से शिमला की उड़ान भले ही यात्रा को सुखद बना देगी, लेकिन जुब्बड़हट्टी से शिमला पहुंचना सारी मस्ती को गुम कर देगा। ऐसे में हिमाचल परिवहन या पर्यटन निगम को उड़ानों के हिसाब से भुंतर, कांगड़ा तथा शिमला हवाई अड्डों के लिए बस या टैम्पो सेवाएं चलानी चाहिएं। अंब-अंदौरा स्टेशन से हमीरपुर, बीड़ व धर्मशाला के लिए आरामदायक बस सेवाएं शुरू करके हम लंबी यात्राओं को सरल व सुविधाजनक बना सकते हैं। हिमाचल में 'ट्रैवल विद टूरिज्म' जैसे प्रयोग के लिए देश के ट्रैवल एजेंट के साथ मिल कर प्रयास करने होंगे ताकि रेल व विमान सेवाओं को आगे के सफर और डेस्टिनेशन तक जोड़ा जा सके। प्रदेश में एचआरटीसी ने कुछ धार्मिक स्थलों की दर्शन सेवा शुरू की है, इसी तरह शिमला, मनाली, धर्मशाला, चंबा-डलहौजी, चंडीगढ़, अमृतसर व अन्य स्थलों से साइट सीइंग बस सेवाओं का संचालन करना चाहिए। कायदे से हिमाचल के आसपास के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों यानी चंडीगढ़, अमृतसर, जयपुर, दिल्ली व जम्मू से पर्यटकों को प्रदेश में लाने के लिए एक योजना की आवश्यकता है। यह हाई एंड टूरिज्म की तरफ एक बड़ी छलांग सिद्ध होगा।

> पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुन : जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं।

## कुछ अलग

# गारंटियां अथवा रेवड़ियां


अभी जारी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी खूब 'गारंटियां' बांटी हैं। उन्होंने भरोसा भी दिया है कि उनकी गारंटियों के मायने हैं कि काम निश्चित तौर पर होगा। कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में 'गारंटी' का राजनीतिक प्रयोग किया था, जो कामयाब रहा। प्रधानमंत्री भी उनसे प्रभावित लगते हैं, लिहाजा भाजपा के घोषणा-पत्र में ऐसी गारंटियों का उल्लेख है। खुद प्रधानमंत्री ने कई चुनावी जनसभाओं में 'मोदी की गारंटी' के जरिए मतदाताओं, खासकर महिलाओं, को आश्वस्त करने की कोशिशें की हैं। कुछ गारंटियां गौरतलब हैं। किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत 6000 रुपए सालाना उनके बैंक खातों में जमा कराए जाते हैं। ऐसे 8-10 करोड़ किसानों में 15 किस्तें बांटी जा चुकी हैं। उसके बावजूद भाजपा घोषणा-पत्र में वायदा किया गया है कि किसानों के खातों में 12,000 रुपए सालाना डाले जाएंगे। किसानों के संदर्भ में ही उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशः 2275 रुपए और 2200 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए थे, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश के भाजपा घोषणा-पत्रों में 2700 रुपए और 3100 रुपए देने का आश्वासन दिया गया है। एमएसपी केंद्र का अथवा राज्य का लागू होगा? राज्य सरकारें कितनी खरीद कर सकती हैं? किसानों के अलावा, कोई और वर्ग या समुदाय नहीं है, जिन्हें ऐसी 'गारंटियों' की सख्त जरूरत हो? भाजपा ने छात्रों को 'स्कूटी' देने की भी घोषणा की है। बेहद गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त अनाज योजना' को 5 और साल, यानी 2028 तक, बढ़ाने की जन-घोषणाएं खुद ही की थीं, लेकिन भारत सरकार के 'पत्र सूचना ब्यूरो' ने एक विज्ञप्ति जारी की है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को एक साल के लिए बढ़ाया गया है। इस विरोधाभास का सच क्या है? खुद प्रधानमंत्री ही सार्वजनिक मंच से इसे स्पष्ट करें। कांग्रेस ने भी 'गारंटियों' की भरमार लगा दी है। उसका आश्वासन है कि सरकारें बनीं, तो 100 यूनिट, किसी राज्य में 200 यूनिट, तक बिजली मुफ्त, किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ, 3000 रुपए बेरोजगारी मासिक भत्ता, घर की मुखिया महिला को 15,000 रुपए सालाना, एक लाख सरकारी नौकरियां दो साल में छत्तीसगढ़ में और 2.5 लाख सरकारी नौकरियां पांच साल में राजस्थान में, मुफ्त स्वास्थ्य योजना आदि की लंबी फेहरिस्त है। अनसुलझा सवाल है कि किसे 'गारंटी' माना जाए अथवा क्या 'मुफ्तखोरी की रेवड़ी' है? क्या दोनों ही देशहित में नहीं हैं? फिर 'कल्याणकारी राज्य' की परिभाषा क्या है? क्या सामाजिक सुरक्षा देना सरकार का दायित्व नहीं है? कई सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई बार चिंता और सरोकार जताते हुए राज्य सरकारों को चेता चुके हैं कि इन 'मुफ्तखोरी की रेवडियों' से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। राज्य सरकारों पर कर्ज के बोझ पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सवाल प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा पर भी हैं।

## एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता

ललित गर्ग

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़ीशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं। डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की



मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे। कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था।

> कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं।

# बाजारों में मुस्कुराहट का परिदृश्य

इस समय दीपावली त्योहार से देश के शहरी और ग्रामीण बाजारों में शुरू हुआ बढ़ती मांग का परिदृश्य लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस समय देश की कंपनियों का मुनाफा भी बढ़ गया है। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में .0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर .0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होने का प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बात सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुट्ठियों में सरकारी योजनाओं का अधिक पैसा आया है। लेकिन महंगाई की आशंका के मद्देनजर सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक कवायद करते हुए दिखाई दे रही है। 6 नवंबर को केंद्र सरकार ने भारत आटा नाम ब्रांड से देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर गेहूं के आटे की ब्रिकी शुरू कर दी है। 28 अक्टूबर को महंगाई रोकने के मद्देनजर केंद्र सरकार ने वायदा कारोबार पर अंकुश के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत सेबी ने सात तरह की एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर पाबंदी को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इनमें गेहूं, सरसों, चना और मूंग जैसे अनाजों के साथ ही तिलहन में सोयाबीन, क्रूड पाम (सीपीओ) के साथ गैर बासमती ट्रेडिंग शामिल है। इन सभी एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर दिसंबर 2024 तक पाबंदी जारी रहेगी। अभी दिसंबर 2023 में पिछले आदेश के अनुसार प्रतिबंध खत्म हो रहा था। उल्लेखनीय है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई कोविड के दौर में तेजी से बढ़ी थी। इसके बाद सरकार ने सोयाबीन के बाद गेहूं, चना और अन्य तेल के वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का उद्देश्य वायदा कारोबार में मनमानी तेजी-मंदी को रोककर हाजिर बाजार में स्थिरता लाना है। इसी तरह देशभर में प्याज की आपूर्ति में कमी के कारण प्याज के खुदरा मूल्य के ऊंचाई पर पहुंचने के मद्देनजर 28 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने प्याज के बढ़ते मूल्य पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य तय कर दिया है। अब 800 डालर प्रति टन से कम मूल्य पर प्याज का निर्यात नहीं किया जा सकेगा। यह न्यूनतम निर्यात मूल्य 31 दिसंबर 2023 तक के लिए तय किया गया है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश के लिए बफर स्टाक से कम मूल्यों पर प्याज की खुदरा बिक्री भी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए मौद्रिक आयात नियंत्रण और स्टॉक सीमा निर्धारण के उपायों को भी अपना रही है। 6 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। वस्तुतः रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई से ऋण लेते हैं। जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है। आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले से फिलहाल मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा और महंगाई में नरमी आएगी। केंद्र सरकार ने विगत 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाकर भी बड़ी राहत दी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई थी, वह अब तक जारी है।



> घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## दृष्टिकोण

# चुनावी वादे कितने खरे....आंकड़ों के खेल में झांकने का अवसर

विधानसभा चुनावों के दौरान वादों की फेहरिस्त काफी लंबी हो चली है। 12वीं पास को स्कूटी, केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा, न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,700 या 2,900 रुपये क्विंटल के अलावा बोनस की भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस साल में किए गए चुनावी वादे कहां तक पूरे हो पाए? नरेंद्र मोदी जैसे प्रभावी नेता और पूर्ण बहुमत की सरकार के बावजूद दस साल का हिसाब-किताब लगाना जरूरी है। आंकड़ों के खेल से देश को भ्रमित करना भले जारी रहे, पर कोरोना के रूप में वैश्विक महामारी हो या आर्थिक मंदी का दौर, पूर्वोत्तर राज्यों में घरेलू स्तर पर बढ़ती हिंसा हो, पड़ोसी राज्यों के साथ बढ़ता सीमा विवाद या कूटनीतिक रिश्ते, देश में बेरोजगारी की बढ़ती समस्या हो या किसानों की बढ़ती आत्महत्या-मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल ही दिखी है। आज भी देश को कृषि, रोजगार, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध और आंतरिक सामाजिक-असामंजस्य की समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। वर्ष 2004-05 में कृषि, वानिकी और मछली पकड़ना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 21 प्रतिशत था। पिछले 18 साल में यह घटकर करीब 16 फीसदी रह गया है। लेकिन खेतों में कार्यबल की संख्या में उस हिसाब से गिरावट नहीं आई है। कृषि देश में करीब 55 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है। इस क्षेत्र में अनुमानित 26 करोड़ लोग काम कर रहे हैं। यानी करीब 55-57 प्रतिशत आबादी की कृषि पर निर्भरता है, जो नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान लंबे समय से संकट में है। मोदी सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसानों को उनकी खेती से लाभकारी मूल्य तो दूर, पारिश्रमिक भी नहीं मिल पा रहा। जी-20 समिट के दौरान किए गए कृषि व्यापार समझौते से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के अनुसार, सरकार ने कई कृषि उत्पादों और पोल्ट्री उत्पादों पर आयात शुल्क कम कर दिया है, जिससे खासकर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के सेब उत्पादकों पर संकट है। देश के 16 करोड़ किसानों पर सभी प्रकार के बैंकों का करीब 21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है-यानी प्रति किसान कर्ज 1.35 लाख रुपये है। कृषि क्षेत्र में लगे व्यक्तियों की श्रेणी में वर्ष 2021 में 10,881 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें 5,318 किसान थे और 5,563 खेतिहर मजदूर। उसी साल देश में जिन 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की, उनमें से 42,004 दिहाड़ी मजदूर थे, जबकि 4,246 महिलाएं थीं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत में अभी 23 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं, जिनमें से कुछ की हालत बेहद खराब है। रिपोर्ट के अनुसार, 2005-06 से 2015-16 तक देश में गरीबी से 27.5 करोड़ लोग बाहर आए, जबकि 2015-16 से 2019-21 तक 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। संयुक्त राष्ट्र का आंकड़ा गांवों और शहरों में विकास की खाई को भी दिखाता है। गांवों में रहने वाले 21.2 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 5.5 फीसदी है। सालाना दो करोड़ नौकरियों के वादे और 'अच्छे दिन' के नारे ने 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता में ला दिया था। लेकिन सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 की नोटबंदी और 2017 के जीएसटी रोलआउट के दुष्प्रभावों के कारण 2018 में करीब 1.1 करोड़ नौकरियां चली गईं।


## देश दुनीया से

# शूरवीरता की पराकाष्ठा वालोंग युद्ध

अपने दुश्मन को जानने के लिए आपको अपना दुश्मन बनना होगा'- यह कथन पच्चीसों वर्ष पूर्व चीन के अजीम सैन्य रणनीतिकार तथा 'आर्ट ऑफ वार' किताब के लेखक 'सुन त्जू' का था। चीन की 'पीपल लिबरेशन आर्मी' अपने अजदाद सुन त्जू की उसी किताब के असूलों पर अमल करती है। सन्-1950 के दशक में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने चार मर्तबा भारत का दौरा किया था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन्-1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन्- 1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था। 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के 'कोंगका' में गश्त कर रहे सीआरपीएफ के दस जवान पीएलए के हमले में मारे गए थे। सन्- 1962 में चीन के हमले का केंद्र लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश था। साठ के दशक के उम्दा हथियारों से लैस होकर हजारों की तादाद में चीनी सैनिकों ने 21 अक्तूबर 1962 को भारत के अरुणाचल के 'वालोंग' सेक्टर पर हमला कर दिया था। हजारों फीट की बुलंदी पर दुर्गम क्षेत्र वालोंग में चीनी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना की 'चार डोगरा', 'छह कुमांऊ', 'चार सिख' तथा दो व तीन 'गोरखा' जैसी बहादुर यूनिटें तैनात थीं। चीनी सेना के मुकाबले संसाधनों व हथियारों की भारी कमी के बावजूद भारतीय सैनिकों ने चीन के उस व्यापक हमले को चार सप्ताह तक रोके रखा था। भारतीय सैनिक आखिरी गोली, आखिरी सांस तक लड़े। दुश्मन को हलाक किया। चीनी सेना पर पलटवार के दौरान चार सिख बटालियन के 85 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। गोला बारूद खत्म होने के बाद सिपाही 'केवल सिंह' 'महावीर चक्र' ने अपनी राइफल की संगीन से चीन के आठ सैनिकों को काट कर शहादत को गले लगा लिया था। सिखों द्वारा चीनी सेना से छीनी गई राइफलें सिख रेजिमेंटल सेंटर में आज भी मौजूद हैं। वालोंग के उसी भीषण युद्ध में छह कुमांऊ ने दो सौ से अधिक चीनी सैनिकों को हलाक कर दिया था। लेफ्टिनेंट 'विक्रम सिंह राठौर' के नेतृत्व में छह कुमाऊं की लगभग पूरी कंपनी चीन के भयंकर हमले का सामना करते हुए बलिदान हो गई थी। छह कुमाऊं के डॉक्टर कै. बलबीर चंद चोपड़ा को युद्ध में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'वीर चक्र' से नवाजा गया था। चार डोगरा की कंपनी के एक सौ दस सैनिकों ने वालोंग की जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। कांगड़ा के 'अगोजर' गांव के सिपाही 'कर्मचंद कटोच' चार डोगरा बटालियन में सेवारत थे। 16 नवंबर 1962 को चीनी सेना पर आक्रामक कार्रवाई के दौरान कर्मचंद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। वालोंग युद्ध के दौरान कर्मचंद सहित कई सैनिकों के शव बर्फीले हिमपात की चपेट में आ गए थे।

> भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन्-1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन्-1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था।

# केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव रूपेश ठाकुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा और आकांक्षी जिला चतरा में संचालित योजनाओं का किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत सरकार के श्रम कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव व महानिदेशक सह चतरा जिला के प्रभारी पदाधिकारी रूपेश कुमार ठाकुर आज चतरा पहुंचे।उनके चतरा आगमन पर डीसी अबू इमरान और डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। भारत संकल्प यात्रा व आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखण्ड का समीक्षा करने चतरा पहुंचे। तत्पश्चात जिला में होने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकास भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है।समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि जिले में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। इस संदर्भ में किए गए तैयारियों की सराहना करते हुए कहा ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए. प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा अनेक स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंतोदय योजना, पेंशन योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, अटल पेंशन आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी पांच क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांकों की जानकारियों को क्षेत्रानुसार विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही बेस लाईन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में भी बताया। चतरा जिला का डेल्टा रैंक 90, शिक्षा में 7, स्वास्थ्य और पोषण में 97, कृषि और जल संसाधन में 41 है, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में 72, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 92 रैंक रहा। इस पर उन्होने रैंकिंग में सुधार हेतु सुझाव दिए।आकांक्षी प्रखण्ड की समीक्षा के क्रम में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मयुरहंड से शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यो की जानकारी लिया और कहा कि आकांक्षी प्रखण्ड कि विकास में आपकी भुमिका महत्वपूर्ण है। उक्त मौके पर उन्होने कहा सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए आकांक्षी प्रखण्ड के विकास में संचालित योजनाओं को ससमय दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करें, जिससे जिले का बेहतर विकास हो सके।बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रण्मडल पदाधिकारी उत्तरी वन प्रमण्डल राहुल मीणा, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि गरिमा सिंह, अमित भारती, दीपांशी निगम समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक के पश्चात उन्होंने जिले के आकांक्षी प्रखंड मयूरहंड के मंझगावां पंचायत पहुंच संचालित योजनाओं का जायजा लिया। वहीं पंचायत भवन में सभी पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य के साथ बैठक कर संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली और आगे के विकास कार्यो पर भी चर्चा किया।

## बिरयानी फास्टफूड खाने वाले हो जाय होशियार, बिरयानी के जगह मिलेगा चूहा



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के दुकानों में फास्टफूड बिरयानी वेज में इन दिनों मरा हुआ चूहा परोसे जा रहे हैं। यह खुलासा तब हुआ कि एक व्यक्ति अपने बच्चे के जिद पर बिरयानी वेज खरीदा। बिरयानी का पैकेट फाड़ते हीं मरा हुआ चूहा मिला। जिससे चौक चौराहे और बाजारों में चर्चा का पिटारा खुल गया। बता दें कि यह फास्टफूड बिरयानी वेज लक्ष्मी कम्पनी द्वारा निर्माण किया जा रहा है और बाजारों में परोसा जा रहा है। यदि इस तरह बाजारों में मृत चूहा या कीड़े मकौड़े परोसा जाएगा तो बच्चों का स्वास्थ पर क्या असर पड़ेगा। वहीं फ़ास्ट फ़ूड के नाम पर निर्माण कर्ता घटिया निर्माण कर बाजारों में परोसेगा तो बच्चों को कभी भी स्वास्थ पर बुरा असर पड़ेगा। और कम्पनी मालोमाल हो रहा है। आपको बता दें कि कई बार फास्टफूड खाने से कई स्कूली बच्चों को अचानक तबियत खराब हो गयी। जहां हॉस्पिटल में इलाज किया जा चुका है।

## चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, जेल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा हजारीबाग के वांछित अपराधी को शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी करनें की शिकायत पुलिस कप्तान राकेश रंजन को मिली थी। जिसमें त्वरित कारवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। जहां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस के पास चतरा नगवा मोहल्ला निवासी दीपक कुमार दास ,उर्फ राहुल दास को एक चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही इस घटना में शामिल दो अन्य लोग पुलिस गिरफ्त से बाहर है।दोनो के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चलाया जा रहा है।गिरफ्तार युवक के खिलाफ सदर थाना में तीन मामला दर्ज है और एक हजारीबाग जिला के कटकमसाडी थाना के केस में जेल भी जा चुका है जिसका नाम राहुल रविदास है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार पुअनि श्रीराम पंडित सदर थाना सअनी प्रवीण कुमार सदर थाना सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## धूं धूं कर आग का गोला बना कार, बाल बाल बचे कार में सवार दोनो लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** धूं धूं कर जल रहा कार का यह दृश्य झारखंड के चतरा जिला का है। हालांकि इस कार में सवार दोनों शख्स पूरी तरह से सुरक्षित हैं। चालक मनोहर प्रजापति ने बताया कि कार में अचानक धुंआ निकलने लगा और फिर देखते ही देखते पूरे कार में आग फैल गया। कुछ ही पल में कार आग का गोला बन गया और पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सदर थाना क्षेत्र के एनएच-22 स्थित संघरी घाटी में उसे समय अफरा तफरी मच गई, जब एक कार में आग लग गई। इस घटना में कार में सवार दो लोग बाल बाल बच गए। चालक मनोहर प्रजापति ने बताया कि कार में सवार होकर बिहार के गया से राउलकेला जा रहे थे। इस बीच चतरा के संघरी घाटी जैसे ही पहुंचे उनके कार से धुँआ आने लगा। जल्दी से सामान उतारने लगे। समान उतारते उतारते आग धधकने लगा। इस बीच प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रज्जा इसी रास्ते से गुजर रहे थे। तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल दमकल वाहन को दी। दमकल वाहन जब तक पहुँची तब तक आग पूरी तरह कार को अपने कब्जे में ले चुकी थी। हालांकि दमकल वाहन ने लहराती हुई कार को बुझाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर व जाम को हटाया। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रज्जा ने बताया कि वे किसी काम से जोरी थाना जा रहे थे। इसी बीच उन्होंने देखा कि एक कार में आग लगी है। तत्काल उन्होंने इसकी सूचना दमकल वाहन को दी। दमकल वाहन पहुंची और आग पर पाया। उन्होंने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है।

## बीएलओ के साथ निर्वाचन आयोग पदाधिकारी ने किया बैठक जल्द जमा फॉर्म को ऑनलाइन करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल परिषर सभागार में मंगलवार को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ मतदाता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी चितरंजन शर्मा एवं तरुण कुमार ने बैठक किया। एवं उपस्थित लोगों को कई दिशा निर्देश बताएं। आगे उन्होंने बताया कि 2024 निर्वाचन लोकसभा का चुनाव का समय बहुत नजदीक हो चुका है। इसलिए बुथ में आए जितने भी फॉरमैट शुद्धिकरण एवं 18 वर्ष पूर्ण किए हुए उम्र के लड़का लड़की एवं स्त्री पुरुष की सभी कागजात जल्द से जल्द ऑनलाइन कर लें। ताकि कोई भी मतदान करने से वंचित ना रह सके। क्षेत्र में नेटवर्क नहीं रहने की कमी की वजह से ब्लॉक सभागार में सभी बीएलओ को बैठा कर जमा फार्म ऑनलाइन करवाया गया है।साल के अंत में विधानसभा का चुनाव को लेकर मतदाता सूची से संबंधित सम्पूर्ण त्यारी कर लेनी है। एवं प्रत्येक बुथ में 18 वर्ष पूर्ण होने वाले लड़का लड़की स्त्री पुरुष का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लेना है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बीडीओ ने मुखिया एवं पंचायत सेवकों के साथ की बैठक

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में पीएम आवास को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी पंचायत के पंचायत सेवक एवं मुखिया को पीएम आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य रूप से वैसे लाभुक जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय किस्त लेने के बाद भी कार्य नहीं कर रहे हैं, उन पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए, आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही यदि जिओ टैगिंग में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है, तो इसके लिए प्रखंड कार्यालय के ऑपरेट भी सहयोग करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सभी पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया उपस्थित थे।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यक्रम

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए फॉर्म संग्रह कराने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म संग्रह कराएं, ताकि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूटे।बैठक में उपायुक्त ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण।

## घर के सदस्य गए छठ पूजा में तब तक चोरों ने उड़ाया घर का सारा सामान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत सिदवारी कला गांव से छठ पूजा के दरमियान में एक चोरी का घटना सामने आया है। जिसे लेकर गिद्धौर थाना में पीड़िता ने अज्ञात चोरों के प्रति जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। पिडीता धनेश्वरी देवी उम्र 27 वर्ष पति चमारी यादव है। जिसने आवेदन में लिखा है। कि 18 नवंबर को अपने गांव सिंदरी कला से नैहर गई थी।घर में ताला लगा था जब नैयहर से 21 नवंबर को अपने घर वापस आई ।तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। जिसे लेकर आस पास के लोगों से चोरी के घटना के बारे में कहा। उसके बाद थाना में आवेदन दिया। जिसमें लिखा है कि नगद 17000 एवं जेवरात में एक सोने का अंगूठी दो कान के बाली मंगलसूत्र चांदी का बोंगरी व अन्य सामानों की बात आवेदन में लिखी गई है।

## बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत, मंत्री ने दुःख प्रकट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के गोसाई डीह पंचायत के पिंडरी गांव में मंगलवार को करंट के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक गुलाम अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र रुस्तम अंसारी बताया जा रहा है। वह अपने घर में लोहे के चारपाई पर सोया हुआ था इसी दौरान तार काटकर लोहे की चारपाई पर गिर गया और लोहे की चारपाई में पूरा करंट फैल गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मौत हो जाने से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है वह अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र में एक पुत्री को छोड़ गया है। उसकी मौत की खबर सुनकर स्थानीय राजद विधायक सह मंत्री सत्या नंद भोगता ने दुःख प्रकट करते हुए हर संभव मदद करने की बात कही है। इस खबर को सुनकर प्रमुख पति ममता कुमारी के पति कमलेश यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान ऊप प्रमुख राहुल गुप्ता पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार मो इदरीश अंसारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी ली मृतक युवक मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रखंड अध्यक्ष हाजी मो सेराज अंसारी के दामाद थे।

## अध्यामिक आयोजनों से क्षेत्र में आती है समृद्धि : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि अध्यामिक व धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में शांति व समृद्धि आती है. उन्होने कहा कि क्षेत्र में यज्ञ होने से वातावरण शुद्ध होता है. यज्ञ मे समाज के हर वर्ग के लोग भाग लेते हैं, इससे सामाजिक समरसता बढ़ती है. विधायक श्री राम बारियातू प्रखंड के भाट चतरा ग्राम में आयोजित श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ के प्रथम दिन आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि ऐसे अनुष्ठानों से नकारात्मकता का नाश होता है और सकारात्मकता का समाज में वास होता है. धार्मिक आयोजनों से एक नयी स्फूर्ति व उर्जा मिलती है। कलश यात्रा में बबन सिंह, उमेश सिंह, रिगन कुमार, लवकुश यादव, प्रीतलाल यादव, अंकित पांडेय, मो मुज्जफा, औरंगजेब खान, दीपक कुमार, अशोक यादव व रिशु कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारियों एवं प्रखंड के सभी पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर में ज्यादा से ज्यादा आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मुख्य रूप से अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले, वृद्धा विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड समेत अन्य सरकारी योजनाओं के लिए अधिक से अधिक लोगों का डाटा एकत्रित करते हुए सरकार आपके द्वार पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## मेरे पति पुलिस के नजर में नक्सली है तो पुलिस न्यायालय में कराए सुपुर्द



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी जोन के जोनल कमांडर रोशन उर्फ रंजन उर्फ सहदेव गंझू अपने पिता जागेश्वर गंझु की मौत की खबर सुनकर बालू भांग पंचायत के श्री समात गांव पहुंचे थे, इसी बीच पुलिस ने मध्य रात्रि को मेरे घर से गिरफ्तार कर लिए। उनकी पत्नी शकुंती ने बताई कि मैं अपने पति के साथ घर में थी इसी बीच पुलिस मेरे घर को घेर कर रात्रि में ही अपने साथ लेते गए मैं सुबह बालूमाथ और बरछिया थाना में कई बार संपर्क किया। मुझे पुलिस अपने पति से नहीं मिलने दिए आगे उन्होंने बोली कि मुझे न्यायालय पर भरोसा है अगर मेरे पति नक्सली हैं तो उसे जेल भेजें प्रताड़ित न करें। चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र के जेलमा गांव निवासी सकुंती देवी बताई की मेरे चार बच्चे है अगर कोई अनहोनी हो गया तो मेरे बच्चो को गुजारा कैसे होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र डॉन की हत्या की जिमेवारी इन्होंने ने ही लिया था। फिलहाल चतरा और पलामू में अभिषेक के नाम पर ठेकेदारों को फोन कर आतंक का पर्याय बना हुआ था। उसके खिलाफ चतरा जिला में भी लगभग एक दर्जन मामला दर्ज है।

## युवा नेता नागमणि कुमार ने मृतका के परिजनों से मुलाकात की बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा प्रखंड थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय आदिवासी नाबालिग छात्रा का शव बरामद किया गया है। युवा नेता नागमणि कुमार ने पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना कि जानकारी ली, आगे उन्होंने कहा कि मैं इस दुख कि घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हुं। परिजनों को ढांढस बंधाया साथ ही धैर्य एवं हिम्मत से काम लेने की बात कही ।इस संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर घर के सभी सदस्य देवनद छठ घाट गए थे मृतका भी पीछे से घाट जाने के लिए घर से निकली थी देर शाम सभी लोग घाट से वापस घर लौट गये लेकिन वह घर नहीं लौटी परिजनों को लगा कि वह अपने किसी सहेली के घर गई होगी।सुबह पुलिस के द्वारा फोन पर बेटी की मौत की सूचना दी गई जिसके बाद परिजन और आस पड़ोस के सैकड़ों लोग थाना पहुंचे। मृतका बाल सृष्टि विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा थी।घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीण रेप के बाद हत्या किये जाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं।वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। आगे नागमणि ने कहा पंद्रह दिनों के बीच थाना क्षेत्र में दो की हत्या हो गई है और हत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। लगता है कि अपराधी बेकाबू हो गए हैं। नागमणि ने पुलिस अधीक्षक महोदय से दोषियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।मौके पर रमेश उरांव नीतिश यादव संटू कुमार मुकेश यादव वंदे उरांव अंकित यादव मौजूद थे।

## खाता 2 प्लाट 76,77 बकचौमा में 50 एकड़ गैरमजुरूआ भूमि रहते हुए भी उपकारा जेल पर लगा है चन्द्रग्रहण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के टंडवा मुख्य सड़क बाबा पेट्रोल पंप के समीप लगभग 52 एकड़ ग़ैरमजुरूआ भूमि मौजूद है। जिसमें आलीशान उपकारा जेल बनाया जा सकता है। आपको बता दें कि उपकारा जेल बनाने के लिए अंचल के पास पर्याप्त भूमि नहीं मिल पा रही है जिसके कारण उपकारा जेल बनाने में चन्द्रग्रहण सा लग गया है। और अंचल जहां तहां भूमि ढूंढने में लगा है। यदि उक्त भूमि पर उपकारा जेल बन जाता है तो जेल के साथ साथ करीब दो सौ युवाओ का रोजगार मुहैया हो जाता। जबकि उक्त खाता नम्बर 02 पलौट नम्बर 76,77 मौजा बकचौमा में करीब 52 एकड़ भूमि सरकारी यानी ग़ैरमजुरूआ भूमि पर्याप्त है। जिसमें सरकारी बिल्डिंग या उपकारा जेल बनाया जा सकता है। किंतु अंचल के बाबुओं के कारण उक्त भूमि पर दबंगो का कब्जा जमा हुआ है। पूर्व में पुरजोर खबर प्रकाशित किए जाने के बाद सिमरिया अंचल द्वारा उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड खरीद बिक्री एवं मकान निर्माण पर पाबंदी की लगा कर खाना पूर्ति कर दी गयी है। जबकि आए दिन उक्त ग़ैरमजुरूआ भूमि पर मकान एवं दुकान बन रहा है। साथ हीं अंचल द्वारा लगाया गया बोर्ड को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। वहीं फर्जी कागजात बना कर यहां तक लोग ऑनलाइन में भी अपने अपने पुत्र के नाम से जमीन चढा लिया गया है। जो बिल्कुल अवैध है। यदि वैसे कागजातों को गहनता से जांच किया जाय तो फर्जी कागजात का पोल खुल जाएगी। किन्तु आखिर ऐसा करेगा कौन। क्या अंचल का भी इसमें मिलीभगत है। ग्रामीणों का कहना है कि अंचल द्वारा बोर्ड लगाने के बावजूद भी धड़ल्ले से लोग मकान दुकान का निर्माण कर रहें है। और अंचल कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है ।जबकि यह भूमि अंचल के नाक के नीचे वाली कहावत के तरह महज एक किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। यदि इस खेल में अंचल सक्रिय रहता तो आज सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को 420 के तहत जेल के सलाखों में भेजा जा सकता था और उक्त जमीन पर बने मकान दुकान को उतर प्रदेश के तरह धाराशाही कर अपने कब्जे में कर लिया जाता।

# सांसद ने झारखण्ड के राज्यपाल से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 20 नवंबर को रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल महोदय से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।जयंत सिन्हा ने राज्यपाल को हज़ारीबाग में सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की आदिवासी संस्कृति व परम्पराओं को संजोने एवं उन पर शोध करने के लिए हज़ारीबाग में हमने सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का



निर्माण करवाया है। इस भवन का डिजाइन झारखण्ड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इसके साथ ही कहा कि झारखण्ड के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में स्थित है। यहां संत कोलंबा महाविद्यालय, कृष्ण वल्लभ महिला महाविद्यालय व मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स जैसे अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान भी हैं। यहां शिक्षा का स्तर इतना अच्छा है कि इस प्रमंडल के साथ अन्य जिलों से भी हजारों छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने आते हैं। मेडिकल कॉलेज के निर्माण से हजारीबाग शिक्षा के हब के रूप में उभर रहा है।

# एकादशी उधापन क्लशयात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** (हजारीबाग)बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड बरकट्ठा पंचायत बरकट्ठा उत्तरी ग्राम डाकडीह निवासी व्यास अर्जुन राम, ग्रामपंचायत गंगपांचो डोमन प्रजापति, बासुदेव महतो, हिरालाल महतो, दुखी महतो, ग्राम ढोढ़ीया मुकेश प्रसाद के द्वारा श्री श्री 108 कार्तिक एकादशी उद्यापन कलशयात्रा निकली गई।कलशयात्रा में मुख्य अतिथि विकास पुरुष लोकप्रिय पूर्व विधायक श्री जानकी प्रसाद यादव विधिवत फिता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किए। कलशयात्रा में 251 कुवांरी कन्याओं तथा माताएं अपने माथे पर कलश लेकर दोमनिया उत्तरवाहिनी नदी एवम बरतबोहि नदी



बरकट्ठा से आचार्यों के द्वारा मंत्रोचारण के साथ कलश में जल लेकर यज्ञ मंडप पहुंची। मौके पर कुमकुम देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, विस्सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, दयानंद उर्फ पन्नू चौधरी, प्रकाश पंडित, उमेश पंडित, चेतलाल पंडित, राजेंद्र पण्डित, किशोरी चौधरी, सुरेन्द्र प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, रामदुलार प्रसाद, बसंत राम सम्भु उर्फ (डॉक्टर) यादव वकील राजेन्द्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, जितेंद्र राणा, विजय यादव, सुरेश राम, संजय राम, प्रकाश राम, मनोज प्रसाद, राजू प्रसाद, संतोष प्रसाद, बलदेव यादव, अनिल यादव, भोला साव, मुनिलाल प्रसाद, नारायण प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुगण उपस्थित थे

# रौशन लाल चौधरी ने नव युवा जागृति क्लब के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के चेपाकला पंचायत में नव जागृति युवा क्लब द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी एवं मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रौशन लाल चौधरी ने कहा कि मनोरंजन के उद्देश्य से आधुनिक नागपुरी, खोरठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों से अपील किया कि आप लोग रात भर मनोरंजन के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाइए। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह उपेंद्र



महतो, तपेश्वर कुमार तापस, समाजसेवी रुद्र नारायण महतो, अध्यक्ष सुनील महतो, जोगेंद्र कुमार, राजेश महतो, मदन साव, दिनेश्वर महतो, केदारनाथ, खेमानी साव, दीपक कुमार, सतीश कुमार, सुरेंद्र महतो, सूरज महतो, सुरेश महतो, सोनाली, गोपाल महतो, अमन कुमार, उमेश महतो, मनोज साव, संजय कुमार, संतोष सिंह, अशोक साव, विनोद कुमार, देवेंद्र महतो, रंजन, सदानंद कुमार, राजेश राम, राजकुमार साव, महावीर रजक, प्रकाश साहू, उमेश ठाकुर, ज्वेलर्स प्रजापति, विकास राणा, राम कृपाल राणा, राजू महतो, रंजीत कुमार, नितीश कुमार सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे।

# माण्डू विधायक के प्रयास से प्रवासी मृतक मजदूर के आश्रितों को तीन लाख का मिला मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत भेलवारा पंचायत प्रवासी मजदूर गांगो महतो के पुत्र 37 वर्षीय चिंतामन महतो की मौत महाराष्ट्र के चालीस गाँव मे कार्य के दौरान हो गई थी।कंपनी के द्वारा मुआवजा देने में आनाकानी की सूरत में मृतक का शव भेलवारा आने पर ग्रामीणों के द्वारा एम्बुलेंस को मुआवजा नही दिए जाने के विरोध में रोक दिया गया।इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कंपनी के अधिकारियों से सम्पर्क कर मृतक के आश्रितों को 3 लाख रूपये का मुआवजा दिलाने में अपनी भूमिका अदा की।कंपनी के द्वारा मृतक की माता के खाते में 3 लाख रुपए जमा करा दी गई।



इनके पहल पर ही कंपनी के अधिकारियों ने आगे बीमा की राशि के अलग से भुगतान के लिए लिखित रूप में आश्वासन भी दिया।बताते चलें कि पिछले शनिवार को चिंतामन महतो की महाराष्ट्र के चालीसगांव में पोल में करंट लगने से मौत हो गयी थी। उपरोक्त घटनाक्रम के उपरांत मृतक का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

# सावधान सक्रिय है साईबर ठग, बिना ओटीपी के भी पैसे निकासी की आ सकती है सूचना

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साईबर ठग अपने जाल में फंसाने के लिए हर दिन नए हथकंडे अपना रहे है। इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय सावधानी है अन्यथा चंद सेकंड में आपकी गाढ़ी कमाई शून्य पर पहुंच सकता है। उक्त बाते बरही के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित कंप्यूटर सेंटर सॉफ्टेक कंप्यूटर के निदेशक सह प्रमुख प्रशिक्षक जयदीप कुमार सिन्हा ने साईबर



क्राइम से बचाव पर चर्चा में बताई. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया ने सबों को अपने मुट्ठी में ले रखा है। हर एक व्यक्ति इसके गिरफ्त में है। जरा सी असावधानी आपको कंगाल बना सकता है या परेशानी में डाल सकता है। ऐसे में सावधानी और सतर्कता ही सुरक्षा का एकमात्र समाधान है. लूटने के अनेक तरीके है, इनमे कुछ यह भी हो सकते है :

**लॉटरी का प्रलोभन :** अब यह पुराना तरीका हो चुका है और लगभग लोग जान चुके है. जिसमे लाखो/करोड़ों की लॉटरी जितने की सूचना देकर बैंक डिटेल्स लिया जाता है और फिर ठगी का शिकार बनाया जाता है।

**ऋण के नाम पर :** तुरंत और बिना दस्तावेज के ऋणदेने के नाम पर कई फ्राउड कॉल आते है. कई लोग इनके झांसे में आ जाते है और अपना पर्सनल इंफॉर्मेशन दे बैठते है। नतीजा ठगी के शिकार हो जाते हैं।

**पैसा ट्रांसफर :** आज कल पैसा ट्रांसफर करके लूटने के भी कई मामले समाने आए है. इसके तहत पहले तो किसी कंपनी में जुड़वाया जाता है. फिर विडियो देखने या ऑडियो सुनने के नाम पर कंपनी का प्रमोशन की बात की जाती है. प्रत्येक ऑडियो या विडियो पर आपको 200 से 300 रुपए भी दिए जाते है। प्रारंभ में हजार से पंद्रह सौ रुपए आपके खाते में ट्रान्सफर भी किए जाते है। बाद में कंपनी में बने रहने के लिए दस से पंद्रह हजार सिक्योरिटी की मांग की जाती है। आप लोभ में आ जाते है और पैसे देने लगते है। फिर बर्बादी का मंजर चालू होता है और आप ऐसे फंसते है कि धीरे धीरे आपका खाता खाली होने लगता है।

**लिंक शेयर :** कई बार सरकारी योजनाओं या अन्य किसी योजनाओ के नाम पर साईबर ठग लिंक क्लिक करने बोलते है. जिसे क्लिक करते ही आपका मोबाइल हैक हो जाता हैं। आपकी हर एक एक्टिविटी साईबर ठग अपने मोबाईल से कंट्रोल करते है। इसी बीच आपको पता भी नही चलेता है और आप ठगी के शिकार हो जाते है।

**डेबिट/क्रेडिट कार्ड ब्लॉक के नाम पर :** कई बार बैंक अधिकारी या कर्मी बनकर डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा खाता बंद होने के कॉल किए जाते हैं. जिसे चालू करने के नाम पर आपसे डेबिट/क्रेडिट कार्ड का नंबर, पिन और ओटीपी तक ले लिया जाता है. फिर आपके खाता खाली हो जाता है।

**कस्टमर केयर बनकर :** आजकल साईबर ठगों ने गूगल पर भी विभिन्न कंपनियों के नाम से फर्जी कस्टमर केयर का नंबर डाल रखा है. जिसे कॉल करते ही वह अपने झांसे में ले लेते है। फिर आपसे समस्या समाधान हेतु लिंक देकर क्लिक करवा कर पहले तो आपके मोबाइल को हैक करते है। बाद में सारा इंफोर्मेशन भरवाते है। आपसे मात्र 1या 5 रुपए औनलाइन ट्रांसफर भी करवाते है. इसी कम में वह आपके गुप्त पिन की जानकारी ले लेते हैं और आपका पैसा उड़ा लेते है।

**पैसा निकासी का मैसेज भेजकर :** यह ठगी का नया मामला सामने आया है. इसमें साईबर ठग सबसे पहले गूगल से आपके एकाउंट लिंक मोबाईल नम्बर का पता करते है। फिर उस पर आपके खाता से पूरा पैसा निकालने का मैसेज भेजकर आपको पैसा निकलने की जानकारी देते है जिससे आप विचलित होकर ठग से पैसा वापस करने का आग्रह करने लगते है। ठग आप को हजार दो हजार पैसा रखकर शेष पैसे वापसी का आश्वासन देते हुए कुछ प्रोसेस करवाता है। इसी कम में झांसे में लेकर या तो आपका मोबाईल हैक करता है अथवा ओटीपी शेयर करवा लेता है। आप हड़बड़ी में सब कुछ शेयर करते है, नतीजा चंद सेकंड में आपका एकाउंट खाली हो जाता है। केकद्र निदेशक श्री सिन्हा ने बताया कि साईबर ठग से बचने का एक मात्र तरीका सतर्कता और सावधानी है। किसी भी परिस्थिति में अपना गुप्त कोड/ओटीपी शेयर या अनजान लिंक पर क्लिक नही करे। जिस मोबाईल में आप ऑनलाइन कार्य करते है उस मोबाईल को कभी भी किसी को या बच्चों को नहीं दे। गुगल या ब्राउज़र में कभी भी अपना पासवर्ड सेव नही करे. मोबाईल का लॉक पिन हमेशा बदलते रहे। यदि आप ठगी के शिकार हो गए हों तो साईबर कराइम विभाग या 1930 पर तत्काल मामला दर्ज कराए।

# बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव की पुण्यतिथि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** (हजारीबाग)बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व~चितरंजन यादव की पुण्यतिथि आज पैत्रिक गांव ग्राम चटकरी प्रखंड-चलकुशा में 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है. जिस श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह् स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री सह् झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी विशिष्ट अतिथि सांसद चतरा सुनील कुमार सिंह, रविंद्र कुमार राय पूर्व सांसद कोडरमा उक्त पुण्यतिथि में क्षेत्र की जनता से प्रार्थनीय अपील करते हुए स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव नें श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का आग्रह किया है।

# विष्णुगढ़ दुर्गा मंदिर प्राँगण में रामलीला का आरम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** पवित्र कार्तिक मास में विष्णुगढ़ की पावन धरा में, रमुआ दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामायण प्रचारक मंडल प्रयागराज, मिर्जापुर, उत्तरप्रदेश के द्वारा श्री रामलीला मंचन का आयोजन 20 नवम्बर 2023 की संध्या को किया गया। रामलीला मंचन का शुभारम्भ विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया ।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने रामलीला मंचन के आयोजन पर कहा कि आज के आधुनिक दौर में जहाँ हर हाथो में मोबाइल है।एक बटन दबाकर दुनिया जहान की चीजे देख सकते



है, परन्तु अपनी सभ्यता संस्कृति से जुड़े रहने के लिए इस तरह के कार्यक्रमो का होना अतिआवश्यक है। जिससे हमारी नस्ले अपनी सनातन परम्परा कों करीब से जाने।रामायण त्याग, समर्पण, मित्रता और अहंकार से सम्पूर्ण विनाश की अमिट परिभाषा है। रामलीला मंचन की विशेष जानकारी देते हुए महंत पण्डित शिवसागर और रामलीला मंचन के अध्यक्ष रामकुमार चौरासिया ने कार्यक्रम के विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि 20 नवम्बर से 28 नवम्बर 2023 तक चलने वाले श्री रामलीला मंचन के दौरान श्रद्धालुओं को अपनी टीम के कलाकारों द्वारा 20 नवम्बर 2023 प्रथम दिन श्री दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ एवं श्री राम जन्म को दिखाया गया। दूसरे दिन 21 नवम्बर 2023 मुनि आगमन, ताड़का-मारीच-सुबाहु वध।तीसरे दिन 22 नवम्बर 2023 सीता स्वयम्वर, धनुष यज्ञ,रावण-बाणासुर संवाद। चौथे दिन 23 नवम्बर 2023 श्री परशुराम-लक्ष्मण संवाद। राम-सीता विवाह, पाँचवे दिन 24 नवंबर 2023 को सूर्पनखा नकछेदन खर-दूषण वध, सीता हरण।

# राणी सती मंदिर में भव्य रूप से संपन्न हुआ मंगल पाठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ देखने को मिल रहा है तीन दिन पूर्व लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा संपन्न हुआ तो वही मंगलवार को आंवला नवमी के शुभ अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित की गई,इसी कार्यक्रम के बीच शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। मंगल पाठ में कई महिलाएं सम्मिलित हुई। मंगल पाठ करीबन 3 घंटे से अधिक समय तक चला रहा। मंदिर परिसर जय दादी की जयकारों की गूंज से गूंजता रहा, महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ



मंगल पाठ को संपन्न किया। मंगल पाठ के दौरान महिलाओं ने राणी सती दादी की अनेकों भजन प्रस्तुत की। कहा जाता है कि राणी सती दादी का जन्म आंवला नवमी के दिन ही हुआ था इसलिए पूरे देश में आंवला नवमी के दिन राणी सती दादी का उत्सव मनाया जाता है।मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि दादी की असीम कृपा और आशीर्वाद से आंवला नवमी पर आयोजित मंगल पाठ ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई आंवला नवमी के दिन 715 वर्ष पूर्व राणी सती दादी का जन्म हुआ था। इसलिए पूरे देश में राणी सती मंदिर में दादी उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

# पिता के आकस्मिक निधन , बेटी ने लिख डाली 10 कहानी का संग्रह पुस्तक हार्मोनिज ऑफ़ एटरनिटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

दिपुगढ़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की रहने वाली महज 18 वर्षीय एक युवती अंतरा भी ऐसा ही एक नाम है जिन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ- साथ कठिन तपस्या, एकाग्रचिता, आत्मचिंतन और निरंतर अभ्यास के बदौलत लेखन के क्षेत्र में एक अलग स्थान स्थापित करने में कामयाबी प्राप्त की है। इन्होंने अंग्रेजी भाषा में हार्मोनीज ऑफ़ एटरनिटी नामक एक पुस्तक लिखी है। अंतरा झारखंड सशस्त्र पुलिस 07 में काम करने स्व. राजेश कुमार और ग्रहणी अनामिका सिंह की सुपुत्री हैं। अंतरा द्वारा लिखित पुस्तक हार्मोनिज ऑफ़ एटरनिटी : टेल्स बियोंड टाइम को दक्षिण भारत के बेहद लोकप्रिय प्रकाशन नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक अमेजॉन पर भी उपलब्ध है। युवा लेखिका अंतरा ने हजारीबाग युवा लेखिका अंतरा के मुताबिक साल 2014 में एक सड़क दुर्घटना के उनके पिता का आकस्मिक निधन हो गया और वो बहुत खोई-खोई रहने लगी। तब उनके दादा और नाना अरिंजय कुमार सिंह कहानियां सुनाया करते थे फिर उनके भाई उत्कर्ष ने डायरी लिखने की सलाह दी। अंतरा का धीरे- धीरे लेखन कला में मन लगने लगा और फिर पहले छोटी- छोटी कविताएं लिखने लगी। अंतराल में उनका यह लेखन हॉबी के तौर पर बदलने लगा और अब 10 कहानियों से परिपूर्ण एक पुस्तक लिखकर वे युवा लेखिका बन गई हैं। वाकई अंतरा जैसी युवा वर्तमान समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं। संपूर्ण हजारीबाग को आप जैसे युवा मातृ शक्ति पर गर्व हो रहा है।

# जयनगर में गोपाष्टमी पूजा महोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी प्रखंड अंतर्गत पंचायत जयनगर में गोपाष्टमी पूजा महोत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष में गोपूजन एवं गो भोजन के कार्यक्रम का आयोजन किया।इस मौके पर गांव के लगभग 100 गायों को पैर धोकर अक्षत फूल से पूजा की गई।तथा सभी गायों को भोजन कराया गया। मौके पर ठाकुर, धर्म ठाकुर, कार्तिक मुंडा, चंदन ठाकुर, रवि ठाकुर, गोपी मुंडा, दिलीप मुंडा, रंजीत मुंडा, रामप्रसाद, गुडु कुमार, महावीर मुंडा, कृष्ण मुंडा, विजेंद्र मुंडा, रवि सोनी, सुनील ठाकुर, विनोद मुंडा, लखन ठाकुर, नीरज कुमार, नरेश राम, रोशन कुमार, रामवीर, मोहन मुंडा, अंकित कुमार आदि के साथ काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

# त्रिवेणीकान्त ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट का हुआ निबंधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय साहित्य के संवर्धन व प्रोत्साहन को बढ़ावा देने का कार्य कर रही संस्था त्रिवेणी कांत ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग का सरकारी निबंधन हो गया है। अब इस संस्था का विस्तार करते दायरा बढ़ाया जाएगा। इस बार 27 नवंबर को डीवीसी सभागार में साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि सीसीएफ कुमार मनीष अरविंद होंगे। जबकि समारोह के अध्यक्षता डॉ शंभू बादल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पुर्व कुलसचिव डॉक्टर बंसीधर रुखियार शामिल होंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर और संयोजक हित नाथ झा ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार हिंदी मे विनोद राज विद्रोही, मैथिली में विजय शंकर मलिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ शैलेश शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ शम्भू बादल की पुस्तक कविता का मैथिली अनुवाद करने वाले हित नाथ झा की पुस्तक चयन ओ मैथिली का विमोचन भी किया जाएगा यह सम्मान तथा पुरस्कार 2016 से विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्रिवेणीकान्त ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवम्बर को साहित्यिक समारोह मे प्रदान किया जाता है। 20 साहित्यकारों को मिल चुका है अभी तक पुरस्कार सचिन ने बताया कि अभी तक ट्रस्ट ने विभिन्न भाषाओं के विकास को लेकर 20 साहित्यकारों को सम्मानित किया है। हिंदी में डॉ शिवदयाल सिंह, डॉ शंभू बादल, डॉ भारत यायावर, डॉ रतन वर्मा, डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, मैथिली में कुमार मनीष अरविंद, डा विधानाथ झा, पंचानंद मिश्र, सियाराम झा सरस, बुद्धि नाथ झा, गिरजानंद झा अर्धनारीश्वर, और डॉ कृष्ण मोहन झा को पुरस्कार दिया गया है। वही संस्कृत में डॉ तारकांत शुक्ल, बंग्ला मे अमन सेन गुप्ता, अजीत कुमार बनर्जी, उर्दू में अब्दुल अलीमुनीउल होदा उर्फ अली मुनीर, डॉ फरहत हुसैन खुश्दिल को पुरस्कार दिया गया है। वही पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार देने की शुरुआत 2022 से की गई है। अभी तक अभिजीत सेन को सम्मानित किया गया है। ट्रस्ट ने जिन साहित्यकारों को सम्मानित किया साहित्य अकादमी ने भी उसे पर मुहर लगाई । सचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि ट्रस्ट ने जिन साहित्यकारों को सम्मानित किया है। अखिल भारतीय स्तर पर साहित्य अकादमी ने भी वैसे साहित्यकारों को सम्मानित कर ट्रस्ट के निर्णय पर मुहर लगाई है। मैथिली भाषा में कुमार अरविंद को 2016 में ट्रस्ट ने सम्मानित किया था। वही 2019 में उन्हें साहित्य अकादमी का पुरस्कार दिया गया।

# गोपाष्टमी मेला पर गौशाला में डेंटल कॉलेज लगाया निशुल्क दंत जांच शिविर

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं निवास की संयुक्त तत्वावधान में दिन सोमवार को सितागढ स्थित कलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला में गोपाष्टमी मेला पर दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। मेला में जुटे लोगों का शिविर में निःशुल्क दांत का जांच हुआ एवं जरूरतमंदों ने चिकित्सकों से निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें कुल 60 लोगों का शिविर में निशुल्क दांत का जांच हुई। इस दौरान चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय, सदर विधायक मनीष जायसवाल, एसपी मनोज रत्न चौथे, मेरू कैंप के आइजी राकेश रंजन, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट हिरदेव पाठक, गौशाला के पदेन अध्यक्ष सह सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार एवं गौशाला के सचिव श्रद्धानन्द सिंह ने निशुल्क बुनियादी दांतों की उपचार के प्रति सरहाना किया। वहीं डेंटल कॉलेज की मेडिकल एंव डेंटल टीम की सरहाना की एवं बहुत- बहुत साधुवाद दिया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण निवास ने कहा कि गौमाता की आराधना के पावन पर्व गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूजा करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा हर कोई को अवश्य करनी चाहिए। साथ ही अपना स्वास्थ्य के प्रति भी लोगों को अवश्य सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मेला एवं अन्य जुटान में हमारी कोशिश रहती है कि निशुल्क शिविर का आयोजन कर बुनियादी उपचार मुहैया कराया

प्रभात मंत्र



## सीसीएल टोंगी क्लब में पेंशन अदालत आज होगी आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के दामोदर क्लब टोंगी के प्रांगण में आज बुधवार करीब 10 बजे से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया हैं। जिसमें सीसीएल सीएमपीएफ के रांची मुख्यालय से अधिकारी शामिल होंगे। इसकी जानकारी जीएम ऑफिस कर्मचारी दूर्वेज सिंह ने मंगलवार को दिया।

## गौ माता की सेवा से पुण्य मिलता है : सुनीता चौधरी



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गौशाला परिसर में 65 वां गोपाष्टमी महोत्सव कार्यक्रमों श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित हुई ।रामगढ़ गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल एवं मेला संयोजक नंदलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौशाला परिसर रामगढ़ में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि सुनीता चौधरी विधायक रामगढ़ विधानसभा, अति विशिष्ट अतिथि पुनीत कुमार पोद्दार अध्यक्ष रांची गौशाला न्यास, विशिष्ट अतिथि प्रदीप राजगढ़िया सचिव रांची गौशाला न्यास, मुख्य वक्ता किशोर मंत्री अध्यक्ष फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स रांची एवं अतिथि विनय कुमार अग्रवाल अध्यक्ष रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्रीज के द्वारा किया गया।इस अवसर पर रामगढ़ गौशाला की लगभग सवा सौ गायों को पूजा कर उनको अंग वस्त्र पहनाकर, हवन आदि किया गया ।इस अवसर पर गौशाला की कर्मियों को भी वस्त्र एवं ठंड के कपड़े प्रदान किया गये । अग्रवाल ने बताया कि रामगढ़ गौशाला परिसर लगभग 20 एकड़ भूमि में फैला हुआ है जहां लगभग सवा सो गाये हैं जिनमें से 30 गाय दूध देती है बाकी सभी गाय नत्थी है जिनकी सेवा रामगढ़ गौशाला कमेटी द्वारा 365 दिन की जाती है इस अवसर पर रामगढ़ गौशाला कमेटी की महिला सदस्यों द्वारा खानपान का स्टाल भी लगाया गया । साथ ही अपने वजन के बराबर तुलादान की व्यवस्था भी गौशाला परिसर में की गई । श्री कृष्ण विद्या मंदिर एवं श्री रामप्रताप रानी लिया स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया ।साथ ही बच्चों के लिए गेम्स भी करवाया गया। पिछले 65 वर्षो से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर उपस्थित अतिथि गण? रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजू चतुर्वेदी, विनय कुमार अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, सुनीता चौधरी, संगीता बुधिया, महावीर अग्रवाल, बिमल किशोर जाजू, नंदलाल अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रदीप सिंह, शिवकुमार अग्रवाल, बिमल बुधिया, सी पी संतन, रीना मंडल, ब्रहमानंद द्विवेदी माणिक चंद जैन, मानु चतुर्वेदी, तेजेन्द्र सिंह, मंजीत साहनी आदि उपस्थित रहे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण दिशानिर्देश को साझा किया गया। बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम के तहत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में आगामी 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में शिविर के माध्यम से सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को उपलब्ध कराने की जानकारी दी जायेगी। पंचायत शिविरों में आवेदन प्राप्त करने हेतु विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस कार्यक्रम को व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए शिविर में आमजनों को सुलभ सुविधा उपलब्ध कराते हुए सरकार के सभी तरह के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में इस बात पर विशेष तौर जोर दिया गया कि ÷अबुआ आवास योजना÷ के लिए अलग से स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जाय ताकि अधिक से अधिक संख्या में योग्य लाभुकों को प्रपत्र उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यो को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अब तक किए गए कार्यो की जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त सहित अन्य को दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप 7 के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया वहीं इसके लिए उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पंचायत सचिव के माध्यम से कार्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रारूप 6 के तहत प्राप्त हुए शत प्रतिशत आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु विद्यालयों से प्राप्त हुए प्रीफिल्ड प्रारूपों को निष्पादित करने एवं होम टू रोल सर्वे के तहत जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाना है अथवा जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है का नाम पंजी में संधारित करने को लेकर आवश्यक जानकारियां दी। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों सह अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एजेकेएसएस ने 24 के रेलीगढ़ा अधिवेशन को लेकर किया पिट मीटिंग

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के द्वारा मंगलवार सिरका हाजिरी घर के समीप आगामी 24 नवंबर को रेलीगढ़ा साधु कटिया अधिवेशन आयोजन को लेकर पिट मीटिंग रखी गई। इसमें वक्ताओ ने कामगारों से पिट मीटिंग में शामिल होकर सफल बनाने का आह्वान किया। बताया कि अधिवेशन में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, महासचिव सतीश सिन्हा सहित अरगड्डा क्षेत्र के कई यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। मौके पर टी. महतो, सत्येंद्र महतो, देवनारायण बेदिया, कामगार जसीम, दिलीप, दिना साव, विजय भुईयां, कमलेश, सुजीत, तलेबर आदि मौजूद थे।

## घाटो में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आरा कार्यालय में भारत जकात मांझी परगना महल के रामगढ़ जिला अध्यक्ष महादेव मांझी,करमा मांझी, रामसिंह मांझी, चेतलाल हेम्ब्रम,भोला मुर्मु व मनेन्द्र हेम्ब्रम ने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे द्वारा मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को मुआवजा संबंधित बातचीत करने के लिए लोगों को बुलाया गया था जिसमें बातचीत करने के छः सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल थाना गए थे जहां थाना प्रभारी बातचीत करने के बजाय सीधे भाकपा-माले के जिला नेता जयवीर हंसदा के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट किया गया था जिस पर जांच कर कार्रवाई करने के लिए मांग की गई थी। अश्वासन के बाद ढ़ाई महीना बीत गए लेकिन अब तक किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं की गई है इससे आमजन का पुलिस प्रशासन से भरोसा उठता जा रहा है और जनाक्रोश बढ़ रहा है जिसको लेकर आगामी 23 नवंबर 2023 को आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भारत जकात मांझी परगना महल के नेतृत्व में, घाटो के भेलगढ़ा सरहूल मैदान में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसकी सफलता के लिए गांव-गांव में बैठकें कर जनगोलबंदी पुरी कर ली गई है। आम लोगों से आह्वान किया जाता है कि मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को 10 लाख रुपए मुआवजा और घाटो थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की न्यायिक मांग को लेकर सभी न्यायपसंद आदिवासी संगठनों, नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों से अपील की जाती है कि आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शामिल हों।

## सांसद जयंत सिन्हा ने झारखण्ड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से की मुलाकात



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज़ारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 20 नवंबर को रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।जयंत सिन्हा ने राज्यपाल को हज़ारीबाग में सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की आदिवासी संस्कृति व परम्पराओं को संजोने एवं उन पर शोध करने के लिए हज़ारीबाग में हमने सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण करवाया है। इस भवन का डिजाइन झारखण्ड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करें, निमख वेख् हर नाम दे मेरा मन तन शीतल होय



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वे प्रकाशोत्सव पर चौथे दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए. प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे। प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।÷ऐसा नाम निरंजन हाई, खुशखबरी खुशखबरी, खूब तेरी पगड़ी मीठे तेरे बोल, लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करें, ऐसी प्रीत करो मन मेरे,शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था । प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर लोहार टोला चट्टी बाजार झंडा चौक रोड से होकर अप्सरा टेक्सटाइल की गली से होते हुए पंजाबी मोहल्ला पहुंची सरदार रणजीत सिंह जैसल सरदार राजेंद्र सिंह जैसल के घर पहुंची, जहां साथ संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार अरविंदर सिंह आनंद ने सरदार हरदेव सिंह जससल को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

## योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे व अबुआ आवास में योजना आम ज़रूरतमंद को मिलें : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में अबूआ आवास व आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव विधायक प्रतिनिधि के रुप में पंकज कुमार उप प्रमुख धर्मधीर महतो सीओ मदन महली आदि। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाएं। सभी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दे। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को इसका लाभ अधिक से अधिक संख्या में मिल सके उसका प्रयास करना है। साथ ही अबूआ आवास योजना में पारदर्शिता के साथ आम गरीब व कच्चे मकान वाले लाभुकों को मिलें। मौके पर मुखिया उर्मिल देवी रंजु देवी राजीव मेहता प्रमेश्वर पटेल चुडगी देवी अमरुन निशा प्रकाश करमाली मदन नायक सुमन कुमारी गोपाल महतो शेखबहादुर पंचायत सेवक बासुदेव महतो ममता कुमारी धर्मनाथ केवट प्रकाश चटर्जी व सभी पंचायत सेवक रोज़गार सेवक मौजूद थे

## चुटूपालू सड़क दुर्घटना में एसबीआई सिरका के सर्विस मैनेजर समेत दो कर्मचारी घायल, रांची में चल रहा इलाज

**सिरका :** कोयलांचल के भारतीय स्टेट बैंक सिरका शाखा में कार्यरत सर्विस मैनेजर बिमला लकड़ा, कर्मचारी आलोक निरंजन किरु, अजीत कुमार गुप्ता रांची से एसबीआई सिरका पहुंचने के दौरान चुटूपालू कार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावे एसआरसी एसबीआई रामगढ़ ब्रांच के कर्मचारी संध्या ज्योति व एक अन्य महिला कर्मी को भी चोट लगी हैं। सभी का इलाज रांची के सैम फोर्ड अस्पताल में चल रहा हैं। इसमें गंभीर रूप से एसबीआई सिरका सर्विस मैनेजर बिमला लकड़ा, आलोक निरंजन किरु शामिल हैं। दोपहर करीब 1 बजे एसबीआई सिरका ब्रांच का कार्य रामगढ़ मुख्य ब्रांच से एक महिला कर्मचारी आने के बाद आरंभ हो पाया।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-29/2023-24 दिनांक –17.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कोली नदी नं0–2 पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– कामडारा, जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 94.669 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 04.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। |
| (क) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का Email ID एवं फोन नं0 | eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| (ख) | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 311677 (Minor Irrigation) 23-24 (D) लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

### MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA

Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

**e-Tender Reference No.MID/GUMLA-F2-30/2023-24 Date :- 18.11.2023**

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction fo 3 ACR (an auditorium/hall of size 55'x30' along with a verandah of size 7'x30') at SS+2 high School Gumla Dist.- Gumla | 30,74,700.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 2. | Time of Completion | 6 Month | | |
| 3. | Date of Publication of E-Tender on website | 04.12.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of E- Tender BID's | 11.12.2023(up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for Online Submission of tender fee and EMD | **e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 11.12.2023 up to 5:00 PM** | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 13.12.2023 at 2:00 PM | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8.(a) | Contact No. of e-Procurement officer | 8986890345 eemidgum@gmail.com | | |
| (b) | Helpline Number of e-Procurement Cell | | | |

**Note:- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost May be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Gumla.**

PR311679 (Minor Irrigation)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा सूचना संख्या– **E-RDSD/JSR/09/2023-24/RE/3rd Call**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो जाकिरनगर अवैस करनी मस्जिद के पास कपाली नाला पर पुल निर्माण। | 1,03,40,900.00 | 2,07,000.00 | 10,000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.012.2023 से दिनांक 12.12.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – .14.12.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

PR 311675 Minor Irrigation (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-28/2023-24 दिनांक –17.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सिमला नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– चैनपुर,जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 95.965 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 04.12.20232:00 बजे अपराह्न |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | **e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in)** 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। |
| (क) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का Email ID एवं फोन नं0 | eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| (ख) | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR.NO.311674 Minor Irrigation(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 23/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समयः– 29.11.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.11.2023के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.11.2023के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Laying of Paver Block, Painting of Boundary Wall and Repair of Servant Quarter of Residential Police Barrack in Latehar | 24,91,100/ - | 50, 000/ - | 5000/ - | 02 (Two ) Months |
| 2 | Renovation of Residential Police Barrack in Latehar | 24,84,900/ - | 50, 000/ - | 5000/ - | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR311672 (Building)23-24*D

## विश्व हिंदू परिषद टुंडी के द्वारा गोपूजन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के लोधरिया गांव में आज मंगलवार को गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर गोपूजन कार्यक्रम गौ रक्षा कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया ।इस पूजन कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रमुख धनबाद ग्रामीण जिला प्रमुख वासुदेव गोस्वामी एवं धीरज चौधरी, हृदय चौधरी के अलावा गौ रक्षा के संदीप चौधरी, सुधीर चौधरी, शिवम, कारू समेत कई गौ रक्षा कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## किंग्स ओर सरिया के विवाहित टीम ने अविवाहित टीम को पछाड़ा

**सौहार्द व मित्रता कायम रहे इसलिए कराते हैं प्रत्येक वर्ष क्रिकेट मैच : आजाद**



**सरिया/गिरीडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छठ महापर्व को लेकर सरिया स्टेडियम में सोमवार को क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झामुमो नेता त्रिभुवन मंडल ने फीता काट कर मैच का शुभारंभ किया।आयोजित क्रिकेट मैच में सबसे पहले निमाटांड़ क्रिकेट क्लब बनाम किंग्स ऑफ सरिया के बीच खेला गया। निमाटांड़ ने टॉस जीतकर सबसे पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 61 रन बनाया जिसके बाद जवाबी पारी खेलते किंग्स ऑफ सरिया के विवाहित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 62 रन बनाकर जीत हाशिल की।फाइनल मैच किंग्स ऑफ सरिया के विवाहित व अविवाहित के बीच खेला गया जिसमे अविवाहित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 89 रन बनाया जिसके बाद विवाहित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाकर जीत हाशिल किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए राहुल मंडल को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। आयोजन करता किंग्स ऑफ सरिया के कप्तान आजाद मण्डल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं जिसका मुख्य उद्देश्य हैं आपसी मित्रता व सौहार्द बना रहे। इस दिन हमारे प्रवासी मजदुर भाई घर आते हैं और ए एक अच्छा अवसर होता हैं एक दूसरे से मिलने जुलने का आगे भी इस प्रकार का मैच होता रहे इसका मैं प्रयास करूंगा।कार्यक्रम में सौरव मोदी,विनय सिंह,बसंत मोदी,गौरव जैन,बिनोद मंडल, रामदेव ठाकुर,सोनू कुमार,हिमालय पांडेय,सुमन रवानी मौजूद थें। बंटी यादव,प्रियांशु मंडल मैच का संचालन कर रहे थें।

## धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के यात्रियों के बीच निःशुल्क भोजन वितरित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छठ पर्व के अवसर पर लौट रहे यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या-13351, धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के साधारण श्रेणी के यात्रियों के मध्य निःशुल्क 650 भोजन पैकेट का वितरण किया गया। उक्त जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने दी।

## सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने आरभी 400 रिवॉल्ट शोरूम का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनसार स्थित रिवॉल्ट आरभी 400 इलेक्ट्रिक बाइक का एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा वर्तमान युग में इलेक्ट्रिक बाइक पेट्रोल बाइक की अपेक्षा लोगों के द्वारा अधिक पसंद किया जा रहा है।

# गिरिडीह में विभिन्न इलाकों से 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई फोन भी बरामद



पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** गिरिडीह में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. बता दें, पुलिस की टीम ने एक साथ बेंगाबाद, गांडेय और मुफ्फसिल थाना इलाके में छापेमारी करते हुए 9 शातिर अपराधियों को दबोचा है. साथ ही इनके पास से पुलिस ने कुल 17 मोबाइल फोन भी जब्त किया है. बताया जा रहा है कि गिरफ्तार सभी साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे ठगी करने का काम करते थे. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी लोगों को फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक के लिंक भेजकर, इलाज के लिए डॉक्टर के पास नंबर लगाने के नाम पर, मित्रा एप सहित अन्य अलग-अलग एप के जरिए ठगी करते हुए लोगों को चूना लगाने का काम करते थे. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में गांडेय के जोकटियाबाद निवासी मुकेश कुमार तिवारी, बेंगाबाद के देवातांड निवासी टार्जन अंसारी, महबूब अंसारी, मो. साबिर, गांडेय के मंडरडीह निवासी ताज हुसैन, खुर्शीद अंसारी, अनीस अंसारी और मुफ्फसिल थाना पुलिस ने केलाटंड बिरनी निवासी विशाल मंडल और गोविंद कुमार मंडल के नाम शामिल है. इसकी जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए दी. मौके पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रताप देव, पुअनि गौरव कुमार, अहिल्यापुर थाना प्रभारी संतोष कुमार मंडल, ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो, कुंदन कुमार सिंह, अर्जुन महतो, शानू कुमार, अशोक तुरी, सौरभ सुमन, जितेंद्रनाथ महतो, सुरेश यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## नाबालिक छात्रा को भगाने का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही है पूछताछ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिक छात्रा के पिता ने एक युवक पर बहला फुसलाकर कर भगाने का आरोप लगाते हुए भरकट्टा पुलिस चौकी में एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बीच भरकट्टा पुलिस ने 248/23 के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने जाल बिछा कर आरोपी व उसके साथ गई लड़की को बरामद कर भरकट्टा ओपी ले आई और गहन पूछ ताछ किया। आपको बता दें कि आरोपी युवक इसी ओपी क्षेत्र के ग्राम सिरमाडीह निवासी नारायण साव का पुत्र राजकुमार साव बताया जा रहा है। वहीं ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस कार्यवाई कर रही है आरोपी युवक को कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया जायेगा तथा नाबालिक छात्रा को उसके अभिभावक को सौप दिया जायेगा।

## गिरिडीह : विधायक ने किया सात दिवसीय गोपाल गोशाला मेला का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में पंचम्बा स्तिथ गोपाल गौशाला के 126वें वार्षिक मेला है शुभारंभ सोमवार की देर शाम को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने फीता काटकर इस सात दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। वही उद्घाटन के बाद विधायक ने मेला समिति के सदस्यों के साथ मेले भर्मण किया। मौके पर गोपाल गौशाला के सचिव धुर्व संथालिया ने बताया कि इस मेले में इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र चलंत मूर्ति तथा स्वचालित झुले रहेंगे। लगभग 50-60 चलंत प्रतिमाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है वहीं टावर झुला, ब्रेक डांस, ड्रेगन, टोरा टोरा, कोलम्बस, के साथ साथ बच्चों के लिए कई प्रकार के नए नए झुले लगाए गए हैं।

## उप विकास आयुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा



**आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार के दौरान स्वास्थ्य विभाग के दायित्वों पर अमल करने के निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा पीएचसी, सीएचसी, एचएससी की समस्याओं, नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, एमटीसी सेंटर की भी समीक्षा समेत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के दायित्व पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रताप से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों को लेकर जानकारियां ली। उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के दौरान कैंपो में डॉक्टरों एवं कर्मी की मौजूदगी, आयुष्मान मित्र की मौजूदगी, मोतियाबिंद समेत विभिन्न प्रकार की जांच की व्यवस्था, दवाईयों का वितरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कैम्प के दौरान दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन जनरेट कर प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कोशिश करें कि एक भी दिव्यांग योजना के लाभ से वंचित ना रहे। सभी को सरकारी लाभ मुहैया कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी डॉक्टरों एवं कर्मी को कैम्प में कम से कम 3 बजे तक एवं आखिरी व्यक्ति के आवेदन प्राप्त करने तक कैम्प में मौजूद रहने हेतु निर्देशित किया गया।

## नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का किया गया स्वागत



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर की ओर से नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक दल झारखंड के नेता अमर कुमार बाउरी का महुदा के तेलमच्चो ब्रिज मे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी के नेतृत्व मे स्वागत किया गया मालूम कि अमर कुमार बाउरी नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक दल झारखंड के नेता बनने पर धनबाद पहली बार आगमन हुआ है ।मौके पर गौर चन्द बाउरी चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्लू बाउरी रामजीत भुईया आशीष पासवान योगेंद्र यादव फूल जोशी महेश पासवान गोपाल बाउरी आनंद बाउरी प्रहलाद बाउरी श्रीमंत बाउरी राकेश सिंह उत्तम गयाली सुजीत गायली हरेंद्र गिरी बांटी बाउरी युधिष्ठिर बाउरी जगरनाथ बाउरी राजा बाउरी श्याम बाउरी आदि मौजूद थे।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल औचक निरीक्षण में पहुंचे सोनपुर स्टेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज सुबह अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के सोनपुर स्टेषन पहुंचकर छठ पर्व की तैयारियों, यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया । महाप्रबंधक महोदय की औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद भी निरीक्षण में शामिल हुए ।

विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पर्व के बाद यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं । महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है । इसी क्रम में आज महाप्रबंधक महोदय ने सोनपुर जंक्षन पहुंचकर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक महोदय द्वारा आज संध्या मुख्यालय स्थित ''कंट्रोल रूम'' का निरीक्षण किया गया तथा कर्मचारियों को हरदम चैकस रहते हुए निगरानी का निर्देष दिया । साथ ही उन्होंने अधिकारियों को किसी भी परिस्थिति में से निपटने हेतु त्वरित निर्णय लेने का निर्देष दिया । उन्होंने छठ के उपरांत काफी संख्या में यात्री ट्रेनों के सुगम परिचालन के साथ ही रिकॉर्ड माल ढुलाई के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना की तथा और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए उनका हौसला अफजाई भी किया ।

## वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन ने की बैठक, सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर हुआ मंथन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के तत्वाधान में तीन दिसंबर को फुसबंगला में आयोजित सम्मान समारोह को सफल बनाने को मंगलवार को कार्यालय में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बैठक किया। फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष शमीम शाह ने कहा कि परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद कि यादगार में तीन दिसंबर को समाज में अनुकरनीय कार्य करने के लिए पत्रकार,पुलिस कर्मी, नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सम्मान समारोह को सफल बनाने का अपील किया। बैठक में बलविंदर सिंह, अख्तर शाह, कुलदीप महतो, महासचिव मोहम्मद कलाम, फैयाज अंसारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शहजादी, शहाबुद्दीन, बिरजू सेन, इस्लाम खान, देव, दिलीप कुमार, इसराफिल, शेख अकरम, रेखा, मालती, कोसर जहां आदि थे।

## जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**गया पुल चौड़ीकरण, एयरपोर्ट, कंबल एवं अलाव की व्यवस्था की मांगों के निष्पादन उपायुक्त ने दिया सकारात्मक आश्वासन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला के गया पुल चौड़ीकरण का कार्य अविलंब चालू कराने, धनबाद में एयरपोर्ट के लिए जमीन चिन्हित कर राज्य सरकार को भेजने, धनबाद से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली के लिए ट्रेन उपलब्ध कराने की मांग के साथ-साथ ठंड को देखते हुए गरीबों के लिए कंबल एवं अलाव की व्यवस्था की मांग को लेकर जिला 20-सूत्री कार्यालय, मिश्रित भवन (कंबाइंड बिल्डिंग) में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बीस-सूत्री के सभी सदस्य एवं सभी प्रखंड के बीस-सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त बैठक के बाद उपरोक्त विषयों को लेकर धनबाद जिला के 20-सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनबाद उपायुक्त से एक प्रतिनिधिमंडल मिला।

# गंगा गौशाला के गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली गयी विशाल शोभा व कलश यात्रा

**विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह किया स्वागत, नाचते गाते चल रहे थे शोभा यात्रा में महिला व पुरुष**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** श्री गंगा गौशाला के गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर मंगलवार को सूर्य मंदिर नदी किनारे से गाजे बाजे के साथ विशाल शोभा व कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में 151 महिलाएं माथे पर कलश लेकर चल रही थी। शोभा यात्रा के आगे प्रचार वाहन, हनुमान जी का रथ, गौ माता की झांकी, भांगड़ा, राधा कृष्ण की मूर्ति की झांकी, छौ नृत्य, डीजे साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा में शामिल महिला एवं पुरुष राधे राधे, जय हनुमान, जय श्री राम आदि धार्मिक नारा लगाते चल रहे थे। वीरभूम जिले से आए झांकी व छौ नाच शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

शोभा यात्रा के पूर्व मुख्य जजमान कृष्ण कन्हैया राय एवं उनकी धर्मपत्नी पूरे विधि विधान के साथ सूरज मंदिर में पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय संत डॉ दुर्गेश आचार्य रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे। शोभा यात्रा में विधायक ढुल्लू महतो, सावित्री देवी, गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, महासचिव महेश अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, डॉ स्वतंत्र कुमार, डॉ मधुबामाला, विष्णु चौरसिया, किशोरी गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, विनय कृष्ण गुप्ता, कृष्ण चिरानिया, विजय गुप्ता, पंकज सिन्हा, विष्णु चौरसिया, कृष्ण कन्हैया राय, अजय हेलीवाल, श्रीकांत चटर्जी, प्रकाश राम गुप्ता, कमलेश सिंह, पिंकी सिन्हा, जीवन कुमार अग्रवाल, निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, पंकज कुमार, संजय केसरी, हरि प्रसाद अग्रवाल, उमाशंकर तिवारी, राजकुमार प्रमाणिक, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद राजा, संदीप कुमार बाउरी आदि शामिल थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त



**समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार मे गोविंदपुर के कल्याणपुर मौजा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर है शिकायतकर्ता ने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि कल्याणपुर मौजा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस संदर्भ में पूर्व में भी थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को आवेदन दिया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए गोविंदपुर अंचल अधिकारी द्वारा भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जा चुका है। परंतु उक्त लोगों द्वारा फिर से भूमि पर बांस से घेराबंदी कर दिया गया एवं ईट पत्थर गिराया गया है जिसे चार दिवारी का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गोविंदपुर के अंचल अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने एवं दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। वहीं बलियापुर अंचल से आए शिकायतकर्ता ने बलियापुर मौज-आमझर में एक एकड़ 50 डिसमिल गैराबाद भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उक्त गैराबाद भूमि पर आदिवासियों का पूर्वजों से खेल का मैदान, छाता मेला एवं गोचर भूमि के रूप में उपयोग होते आ रहा है। उक्त भूमि को आमझर पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र रवानी द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विधायक भूषण बाड़ा ने कार्तिक पूर्णिमा मेला से पूर्व रामरेखा धाम में दिया अतिथिशाला का तोहफा

# रामरेखाधाम को धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के रूप में पहचान दिलाने का हो रहा है प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने रामरेखाधाम में लगने वाले वाले से पूर्व भक्तों को अतिथिशाला भवन का तोहफा दिया है। मंगलवार को विधायक मद से बने अतिथिशाला का विधायक भूषण बाड़ा ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उदघाटन कार्यक्रम रामरेखाधाम के दोनों महंत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मौके पर विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि रामरेखाधाम को धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के रूप में पहचान दिलाया जाय। इसी के तहत काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से बीरू से रामरेखाधाम तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। कृषि का कार्य रहने के कारण थोड़ा विलम्ब हुआ। लेकिन बहुत जल्द इस सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व की रामरेखाधाम को भगवान श्रीराम ने खुद अपने हाथों से सजाया है। रामरेखाधाम की पहचान विश्व स्तर पर हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी धाम के विकास की रफ्तार तेज कर दी गई है। अतिथिशाला के बाद धाम में डाक बंगला भवन का निर्माण भी जारी है। आने वाले दिनों और भी बहुत कुछ योजनाएं धाम में लाने की योजना है। धाम का विकास कराने, रामरेखा के पहाड़ी में रोपवे निर्माण कराने की भी मांग कर चुके हैं। *धाम के विकास में न हो कोई भेदभाव- जोसिमा खाखा* जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि श्रीरामरेखा धाम के विकास में कोई राजनीतिक या भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्?होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से धाम तक सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके अलावे और भी कई विकास के कार्य धाम में किया गया है। जो खुशी की बात है। सड़क चौड़ीकरण होने से आने वाले श्रद्धालुओं को धाम पहुंचने में आसानी होगी। रामेधाम के माध्यम से जिले की पहचान दूर प्रदेशों तक ले जाना है। *कार्तिक पूर्णिमा मेला के सम्बंध में भी विधायक ने ली जानकारी* मौके पर विधायक ने रामरेखाधाम में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के सम्बंध में भी जानकारी ली। उन्होंने धाम के महंत एवं समिति के सदस्यों से इस सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कार्तिक पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूजा से पूर्व रामरेखा धाम में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले नौनिहालों के बीच किया स्वेटर वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा की उपस्थित बच्चो को स्वेटर वितरण किया गया। उन्होने कहा की आंगनबाड़ी केंद्र में नमाकित बच्चो के बीच ठंड के प्रकोप से बचने के लिये स्वेटर वितरण किया जा रहा है। अभिवाहक अपने बच्चो को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजे और केंद्र में मिलने वाले लाभ लें बच्चों को प्रथम शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें साथ ही कहा कि बच्चो का शारीरिक मानसिक वृद्धि के लिये केंद्र में सूजी हलवा बादाम चना दिया जाता है तथा दोपहर में भोजन दिया जाता है। बच्चा का समय समय पर कुपोषण का जांच और टीकाकरण किया जाता है। प्रभारी सीडीपीओ सह बीडीओ श्री चोपड़ा ने सेविका सहियका को निर्देश देते हुए कहा की बच्चो का साफ सफाई पर ध्यान दें और सप्ताह में एक दिन नाखून चेक कर काटने का प्रयास करें तथा ठंड के दिन में अभिभावकों से बच्चो के शरीर मे नारियल तेल का उपयोग कराये और बच्चो का साफ सफाई के प्रति घर के माँ पिताजी को भी जागरूक करें। महिला सुपरवाइजर परमुनी देवी ने कहा की जो बच्चे प्रत्येक दिन विद्यालय आते है उसको दो दो स्वेटर वितरण करना है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, महिला सुपरवाइजर परमुनी देवी, सेविका शहनाज खातून, सहायिका सायरा खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रांसफार्मर चोरी होने से अंधेरे में रहने को मजबूर है ग्रामीण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की चोरी होने की घटना थम नहीं रहा है, आए दिन क्षेत्र में छोटे-छोटे ट्रांसफार्मर को चोर अपना निशाना बना रहे हैं, जिसे लेकर ग्रामीण तथा किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मामले में पिछले महीने प्रखंड क्षेत्र के मुंदो में दो ट्रांसफार्मर चोरी होने की सूचना विभाग को दी गई थी,परंतु अभी तक इस मामले में विभाग ने संज्ञान नहीं लिया, जिससे ग्रामीण थोड़े नाराज नजर आ रहे हैं। परंतु इस बार सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाघा पंचायत की है जहां विगत सोमवार रात चोरों ने गांव में लगे 16 केवी ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली गई। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण घर से निकले तो देखा कि ट्रांसफार्मर का मलबा बिखरा पड़ा है। क्षेत्रीय ऑपरेटर धनंजय सिंह ने इसकी सूचना देते हुए बताया कि बार-बार यह घटना होने से लोगों में काफी नाराजगी है,जिसको लेकर पुलिस प्रशासन तथा बिजली विभाग भी मौन है इस मामले में अगर संज्ञान नहीं लिया गया तो चोरो द्वारा अन्य क्षेत्रों में लगे ट्रांसफार्मर को भी अपना निशाना बना सकते हैं।

# मारपीट की घटना को लेकर दोनो पक्षों पर कैरो थाना मे मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में




**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम हनहट मे बीते दिनो 19 नवंबर को मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्ष के शिकायत आवेदन के आधार पर कूल 12 लोगों मे मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है। मामले पर प्रथम पक्ष वसीम अकरम उम्र 30 वर्ष पिता खुर्शीद मियाँ ग्राम हनहट ने अपने शिकायत आवेदन के अपने ही गाँव के वसीम अंसारी, एकरामुल अंसारी, हफेजूल अंसारी तीनो पिता सहबान अंसारी, व मोजुबूल अंसारी, महमुद अंसारी, हसन अंसारी, सरफराज अंसारी ये सभी व्यक्ति हम दोपहर का खाना खा रहे थे अचानक मेरे घर घुसकर जान मारने के नियत से लाठी डनटा से मारपीट करने लगे, जिसे मेरे दाहिना आँख के उपर गहरा चोट लगा और काफी खुन बहने के कारण मै चोटिल हो गया। वसीम के शिकायत आवेदन पर कैरो थाना काण्ड संख्या-54/23 भा0द0वि 341, 323, 506, 452, 324, 307/ 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वही द्वितीय पक्ष गुलशन खातून उम्र 50 वर्ष पति सहबान अंसारी हनहट ग्राम निवासी ने कैरो थाना मे लिखित शिकायत आवेदन पर गाँव के ही खुर्शीद अंसारी,पिता स्व0 सनिफ आलम, इमरोज आलम 11 बजे जब मै घर मे अकेली थी तब ये लोग मेरे घर आये और कहने लगे तुम्हारा बेटा बबलू अंसारी मेरा गाड़ी पकड़वाया उसे जान से मार देंगे कहकर गाली-गलौज करने लगे और मारपीट भी किया। उक्त मामला पर काण्ड संख्या 55/23 भा0द0वि 341, 323, 354, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले पर कैरो थाना एएसआई संजय कुमार राय ने बताया कि दोनो पक्षो के शिकायत आवेदन पर मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है।

# पंचायत अध्यक्ष बुधवा उरांव के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व सढ़ाबे पंचायत अध्यक्ष बुधवा उरांव ग्राम-टाटी, पंचायत-सढ़ाबे, प्रखंड-कैरो निवासी का आज आकस्मिक निधन हो गया। असामयिक निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिवार वालों के साथ हमेशा खड़ी है। मृत्यु की सूचना पाते ही कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आदरणीय श्री सुखदेव भगत जी लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदरणीय श्री सुखेर भगत जी कार्यकारी अध्यक्ष जनाब शकील अहमद साहब विधायक प्रतिनिधि श्री निशित जायसवाल जिला महासचिव सदरुल अंसारी सेवा दल अध्यक्ष श्री शंभू प्रजापति ग्राम टाटी पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर घर वालों को ढांढस एवं साहस दिए और हमेशा परिवार वालों के साथ सुख दुख में खड़े रहने की बात कही।

# समाज में फैली अंधविश्वास व कुरीतियों को दूर करने के लिए युवा वर्ग आए आगे : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखंड के बेलकुबा पिडियापोष में छठ पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार दिन रात आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, जिला अध्यक्ष मतीयस बागे मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर विधिवत रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य लल्लन प्रसाद, अमन खेस, नोवेल हेरेंज, राजू नायक, सेंटार ठाकुर, रितेश लकड़ा, रसाल खलखो मौजूद थे। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि लगातार सिमडेगा के विभिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, और गीत संगीत के माध्यम से हमारी विलुप्त सभ्यता संस्कृति को बचाने का काम हो रहा है। यह सराहनीय इसके लिए सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। आज झारखंड पार्टी विलुप्त होती विरासत को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और खासकर युवाओं को आवाहन किया जाता है कि आप सभी समाज में फैली अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर करने के लिए आगे आये। नेतृत्व करते हुए समाज में फैली सभी प्रकार की बुराइयों को दूर करें क्योंकि समाज में बुराइयों के रहने से समाज में कई प्रकार की आपराधिक गतिविधि सहित कई चीज होती है जिसे रोकने के लिए हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव वीरू साहू, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, सदस्य सुदामा साहू, सुरेश मोदी, सीताराम साहू, विजेंद्र साहू, सतीश शर्मा सहित आयोजन समिति के सभी मौजूद रहे।

# अधेड़ व्यक्ति का कुएं से मिला शव जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुर्की अहीर बगीचा स्थित कुएं से अधेड़ व्यक्ति का मिला शव सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच शव को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में जुटी गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की ग्राम के अहीर बगीचा स्थित बिरिया महतो के कुएं में सोमवार देर शाम शव तैरता देख गांव में फैला सनसनी घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अविनाव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर एस आई कुलदीप राम शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गये। शव की पहचान मुर्की जतरा बगीचा निवासी स्वर्गीय विक्रम महतो के 55 वर्षीय पुत्र गोपाल महतो के रूप में किया गया। बताया जाता है कि गोपाल महतो शनिवार देर शाम शराब के नशे में अहीर बगीचा स्थित नवनिर्मित मकान देखने गया था। उसी दौरान नशा के कारण रास्ता में कुएं होने के कारण गलती से कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत डूबने से हो गई। फिलहाल घटना को लेकर थाना प्रभारी अविनाव कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया कुएं में गिरने से एवं डूबने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का निष्कर्ष निकल सकता है।

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने चोरी को रोकने और नया ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर विभाग से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मंडल के महामंत्री विवेक चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे ट्रांसफार्मर चोरी को लेकर ग्रामीणों को साथ लेकर विद्युत विभाग में जाकर एक ज्ञापन सौंपा और इस विषय में तत्काल संज्ञान लेकर कारवाई करने का अनुरोध किया है। विगत दिनों बाघा, सिंगपुर इत्यादि गांवों में कई ट्रांसफार्मर को चोरों द्वारा चुरा लिया गया है,जिससे की वहां के लोगों के घरों में अंधेरा हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ट्रांसफार्मर की चोरी हो रही है उसको देखकर लगता है कि इस सरकार में चोरों का मनोबल बहुत बढ़ गया है और उनको प्रशासन का कोई डर भय नहीं रह गया है। जहां एक ओर रघुवर दास की सरकार में गांव गांव तक बिजली पहुंचाई गई थी, वहीं दूसरी ओर वर्तमान की हेमंत सोरेन की सरकार लगे हुए विद्युत उपकरणों को चोरी करवाकर झारखण्ड को अंधेरे में धकेल रही है। इससे प्रमाणित होता है कि यह सरकार गरीबों को अंधेरे में रख कर अपने घर में रोशनी करने पर विश्वास करती है। यदि शीघ्र ही चोरों को पकड़ कर कारवाई नहीं की जाती है और चुराए गए ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता है, तो एक वृहद आंदोलन किया जाएगा और मुख्यमंत्री के घर को भी अंधेरे में भेजने का कार्य राज्य की जनता करेगी।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दम्पति हुए घायल ग्रामीणों ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार महिला पुरुष घायल स्थानीय लोग अस्पताल में कराया भर्ती। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मेन चौक में गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर गुमला से लोहरदगा आ रही शालू बस जेएच 0 ए एम 8687 का पिछ्ला चक्का एक्सल टूटने से विपरीत दिशा से अरु जा रहा मोटरसाइकिल में जा टकराया जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला व पुरुष को हल्की चोटें आई है। फिलहाल ग्रामीणों ने ज्यादा चोट आने का संभावना जताते हुए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया चिकित्सकों द्वारा जांचोपरांत स्थिति ठीक बताते हुए कहा कि गिरने से कमर व पीठ में चोट आई है जिसके कारण अभी दर्द है। बताया जाता है कि घायल बाइक सवार युवक अरु निवासी साकिर अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र एतामूल अंसारी अपनी 20 वर्षीय पत्नी रहिमन बीबी के साथ जे एच 08 जे 2380 से अपना घर जा रहा था। इसी दौरान सेन्हा दुर्गा मंदिर के समीप एक्सल टूटने बस का पिछ्ला चक्का फेका गया जिसके चपेट में मोटरसाइकिल सवार आ गया और पति पत्नी को हल्की चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अविनाव कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पँहुच घटना का जायजा लेते हुए शालू बस को सड़क से हटाने में जुट गए

# जय श्री राम समिति कोर कमेटी की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी कोठी स्थित आवासीय परिसर में जय श्री राम समिति के कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी,अनूप गुप्ता उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से जय श्री राम समिति के 2 साल के कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिला एवं प्रखंड कमिटी के साथ अगली बैठक 29-11-2023 दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में की जाएगी। जिसमें जिला पदाधिकारी एवं प्रखंड के पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। कोर कमेटी सदस्य व मुख्य संरक्षण रमेश उरांव ने कहा जय श्री राम समिति को सुचारू रूप से चलाने के लिए अगली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय ली जाएगी। जो संगठन की दिशा को तय करेगी।

# केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर, जनसंपर्क अभियान तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और छूटे हुए योग्य लाभुकों को जोड़ने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अनुसूचित जनजाति आबादी वाले 70 जिलों में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर सोमवार को लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनियुक्त केंद्रीय प्रभारी राजीव शंकर ने जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के कार्ययोजना को लेकर परिसदन लोहरदगा में बैठक की गई। इस मौके पर केंद्रीय प्रभारी ने बताया कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों में मोबाइल आईईसी वैन भेजा जायेगा। मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से आम लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी जायेगी तथा आम लोगों को जागरूक करने के लिए अन्य गतिविधि का भी आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के तहत संपादित सभी गतिविधियों को आईटी पोर्टल पर अपलोड भी किया जाना है।मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से जिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है उनमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण), पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, सर्वे ऑफ विलेजेस एंड मैपिंग विथ इंप्रोविस विलेज एरियाज (स्वामित्व), जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर आदि योजनाएं प्रमुख हैं। कार्यक्रम में उक्त योजनाओं से संबंधित आवेदन भी सृजित किया जाना, आच्छादित लाभुकों सहित छूटे लाभुकों को भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

# उप विकास आयुक्त ने अबुआ आवास योजना के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का आम जनों के बीच जानकारी व प्रचार-प्रसार के लिए आज दिनांक 21.11.2023 को उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा तीन जनजागरूकता रथों को सभी प्रखंडों के लिए समाहरणालय परिसर लोहरदगा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आज पहले दिन यह रथ भंडरा, कुडू और सेन्हा प्रखंड के लिए भेजा गया। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में दिनांक 04.12.2023 तक घूमेगा। ग्रामीण विकास विभाग,झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य संपोषित योजना के रूप में अबुआ आवास योजना (AAY) लायी गयी है। दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित की जानेवाली पंचायत स्तरीय शिविरों में मुख्य प्रक्षेत्र (Focus Area) के अंतर्गत अबुआ आवास योजना (AAY) के लिए आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जायेंगे, जिसकी ऑनलाईन प्रविष्टि पोर्टल में की जानी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर जाँच टीम द्वारा प्रखण्डों में सत्यापन / सर्वेक्षण / जाँच का कार्य अभियान अवधि में ही करते हुए तदोपरांत प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जानी है। आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपया प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा। जिसमे स्वच्छ रसोईघर भी शामिल हैं। घर के निर्माण के लिए यूनिट सहायता राशि के अलावा मनरेगा के तहत अधिकतम 95 मानव दिवस, केंद्र तथा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ अभिसरण के माध्यम से दिया जाएगा। योजनाओं का क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण और निगरानी ई-गवर्नेंस के माध्यम से की जाएगी। आज इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक केके गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

# अक्षय नवमी सह आंवला नवमी भक्ति भाव के साथ हुआ संपन्न



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अक्षय नवमी सह आँवला नवमी भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से ही लोगों ने भक्ति भाव के साथ आंवला पेड़ का विधिवत पूजन किया। तत्पश्चात आंवला पेड़ के समीप प्रसाद ग्रहण किया। एक मान्यता के अनुसार आज ही के दिन द्वापर युग की शुरुआत हुई थी। साथ ही साथ आंवला के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है, इस निमित्त आज भगवान विष्णु का भी पूजन किया गया। आँवला पेड़ का एवं भगवान विष्णु का पूजन करके लोगों ने अपने अपने परिवार की मंगल कामना की मांग की। इस मौके पर बड़की चाँपि में बड़की चांपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, प्रियंका देवी, नेहा कुमारी, रिचा कुमारी, प्रिया कुमारी, आंचल कुमारी, लक्ष्य भारद्वाज सहित कई लोगो ने बिधिवत आँवला पेड़ का पूजन की।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर


### एमपी विस चुनाव को बेहतर तरीके से संपन्न कराने वाले झारखंड के कंपनी कमांडर संजीव कुमार हुए सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए झारखंड से आए होम गार्ड के बल को अनुशासन बनाए रखने और उनके बेहतर प्रबंधन के अलावा अन्य कामों में बेहतर दक्षता के लिए झारखंड के कंपनी कमांडर संजीव कुमार को सम्मानित किया गया। सिवनी एसपी राकेश कुमार सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कानून व्यवस्था और सुरक्षा ड्यूटी के लिए यह सम्मान मिला है। ज्ञात हो जिले में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल आया था। इसमें से झारखंड के भी होमगार्ड आए थे जिन्हे मतदान केंद्रों के अलावा अन्य सुरक्षा कामों तैनात किया गया था।

### 39 प्रखंड विकास पदाधिकारियों का हुआ तबादला

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड सरकार ने 39 प्रखंड विकास पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव संजीव कुमार ने इसकी अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी है. इस सूची में वैसे पदाधिकारी भी हैं जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे थे. वहीं, कई की सेवा कार्मिक विभाग को सौंपी गई है. सभी पदाधिकारियों को 1 दिसंबर तक प्रभार का अदान-प्रदान कर विभाग को प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है.निखिल गौरव कमान कच्छप (गृह जिला- राँची), पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, हण्टरगंज, चतरा के पद पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है.हरि उराँव (गृह जिला- राँची) पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, करों, देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है.राजेश कुमार सिन्हा (गृह जिला-रामगढ़) पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बलियापुर, धनबाद के पद पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है.

### भगवान जगन्नाथ मंदिर में हुई चोरी, पुलिस का अब तक खाली हाथ



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में ही पुजारी के कमरे से 20 हजार रुपये कैश, कई पेन ड्राइव, मंदिर के सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया। चोर खिड़की के रास्ते ग्रिल को काटकर कमरे के अंदर घुसे। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आराम से फरार हो गये। मामले की जानकारी धुर्वा थाना को दे दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस के शिकंजे में होंगे।

# शहर को सुख, समृद्धि व शांति दे छठ मैया : अरुणा शंकर

*** चेंबर द्वारा आयोजित भव्य गंगा आरती के साथ महाव्रत छठ का हुआ समापन**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट पर अपने पुत्रवधू शिवानी आनंद के साथ भगवान भास्कर को सुबह का अर्घ्य देते हुए भगवान सूर्य से प्रार्थना करते हुए कहा कि हमारे परिवार के साथ-साथ शहर के तमाम छठ व्रतियों की मनोकामना पूरी करें और शहर को सुख शांति और समृद्धि प्रदान करें। महापौर ने कई मुस्लिम बहनों को भी प्रसाद देते हुए कही कि सारे जहां से अच्छा खूबसूरत शहर हमारा। यही हमारे शहर की खूबसूरती है। जहां हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सब मिलकर एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। इस अवसर पर प्रथम महापौर के सौजन्य से पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में आयोजित गंगा आरती की भव्यता देखने को मिला। गंगा आरती का उद्घाटन सांसद बीडी राम एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। चेंबर के सभी सदस्य सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे। कार्यक्रम में जहां बनारस और अयोध्या से आए पंडितों ने गंगा आरती की वहीं राम और श्याम द्वारा प्रस्तुत छठ गीत का सब ने आनंद लिया। कार्यक्रम के योजना अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। वहीं संचालन विजय ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञान शंकर, अविनाश वर्मा, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबुल, प्रेम जायसवाल,रिंकू दुबे, सुबोध गुप्ता, पुनीत सिंह,संजय सिंह,रवि सिंह, विक्रम सिंघानिया,शुभम, मोहम्मद अनवर हुसैन,राकेश सोनी,सुनील गुप्ता, आलोक माथुर, अरविंद गुप्ता रितेश प्रसाद एवं चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए दूध, पान पत्ता, दातुन समेत अन्य पूजन सामग्री उपलब्ध करा रहे थे। प्रशासन द्वारा कोयल रिवर फ्रंट के प्रथम वर्षगांठ पर काफी चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई थी। जिसके लिए चेंबर परिवार ने बधाई दी।



## मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाड़, लालपनियां, गोमिया, बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 26-27 नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्टीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबली सोरेन, देश परगना बैजू मुर्मू जयराम हांसदा, बबलू हेंब्रम, दासमाथ हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू ,सीता मुर्मू और सविता टुडू शामिल थीं।

## रांची : ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव माही, द्वारा 11 नवंबर 2023 को कडरू स्थित हज हाउस में मौलाना आज़ाद की जयंती के अवसर पर शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला- 2023 का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग 30 विभिन्न स्कूलों के 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी,विज्ञान प्रदर्शनी,और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियों में भाग लिया।

उक्त मेले से संबंधित माही के सदस्यों ने ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल, हिंदपीढ़ी के भागीदारी को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन (मुख्य रूप से स्कूल की डायरेक्टर नाजिया तबस्सुम ) को स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेला से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किये।

साथ ही, उन्होंने शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट व मेडल से सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हारिस मदनी, जावेद अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद जावेद एवं मोहम्मद सलाहउद्दीन के साथ स्कूल के प्रबंधन व शिक्षक उपस्थित थे।

# सरकार और राजभवन के बीच तालमेल जरूरी : राज्यपाल



**एजेंसी**

**कोलकाता** : तृणमूल सरकार के साथ अपने संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपने आधिकारिक आवास राजभवन में जासूसी के प्रयासों का आरोप लगाया है।

बोस ने मंगलवार अपने राजपाल बनने के एक साल पूरे होने के मौके पर मीडिया से बातचीत में दावा किया कि उनके पास कोलकाता में गवर्नर हाउस में जासूसी के बारे में विश्वसनीय जानकारी है।बोस ने कहा कि मामला संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक सच्चाई है।

मेरे पास राजभवन में जासूसी के बारे में विश्वसनीय जानकारी थी। उस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। मैं इंतजार करूंगा और देखता रहूंगा। हालांकि, बोस ने यह नहीं बताया कि कथित जासूसी प्रयास के पीछे कौन हो सकता है। अपने पूर्ववर्ती की तरह, बोस का राज्य सरकार के साथ कई मुद्दों पर तनावपूर्ण संबंध रहा है।इस महीने की शुरुआत में, बोस ने रवींद्रनाथ टैगोर के नाम वाली नई पट्टिकाओं की स्थापना पर विश्व भारती विश्वविद्यालय से रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने राजभवन के उत्तरी द्वार का नाम भी बदलकर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर गेट रख दिया।एक बार फिर राज्यपाल ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में हिंसा के संस्कृति है। उन्होंने राज्य सरकार और राज भवन के बीच बेहतर तालमेल की कमी पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि सरकार को राजनीतिक सुचिता का ख्याल रखते हुए राजभवन के साथ बेहतर तालमेल होना चाहिए।16 नवंबर को बोस ने आरोप लगाया कि बंगाल की राजनीति में हिंसा की संस्कृति है। तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा था कि कानून अपना काम करेगा। मंगलवार को उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और राजभवन भी अपना कर्तव्य निभाएगा। हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक उपाय भी होने चाहिए। हिंसा बंगाल की राजनीति को प्रभावित कर रही है। हिंसा की यह संस्कृति बंद होनी चाहिए।इससे पहले, पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने राज्यपाल की ओर से विधेयकों को मंजूरी देने में देरी की ओर इशारा किया था।

## जल यात्रा में शामिल हुए लाखों श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से हुआ फूलों की बारिश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** : राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में स्थानीय कोयल नदी से हाउसिंग कॉलोनी यज्ञ स्थल के लिए निकली जल यात्रा भव्यता से उत्प्रोत रही। जल यात्रा का नेतृत्व श्रीमद् भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने किया। बैंड बजा, पारंपरिक वाद्ययंत्र धूतुंगा व संख की ध्वनि के साथ जल यात्रा शुरू हुई। देवकीनंदन ठाकुर एक ओपन कार में सवार होकर जल यात्रियों के आगे आगे चल रहे थे। साथ ही सभी श्रद्धालुओं समेत आम लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। हाथों व माथे पर कलश लिए महिलाएं व युवतियां राधे-राधे का जयकारा लगा रही थी। जल यात्रा का संचालन आशीष भारद्वाज व धीरेंद्र तिवारी कर रहे थे। जल यात्रा पोस्ट ऑफिस रोड से छहमुहन तक पहुंची। इसके पश्चात ओवर ब्रिज से रेड़मा चौक होते हुए हाउसिंग कॉलोनी स्थित यज्ञशाला पहुंची। इस बीच पूरे रास्ते भर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश होती रही। जल यात्रा में शामिल महिला - पुरुष श्रद्धालु गदगद नजर आए। इसके पूर्व हाउसिंग कॉलोनी स्थित यज्ञशाला से हजारों की संख्या में युवतियां व महिलाएं कलश लेकर कोयल नदी तट पर पहुंची थी। इसका नेतृत्व यज्ञ समिति के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी महासचिव शैलेश दुबे व यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे ने किया। जल यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को संभालना पुलिस के लिए चुनौती बना रहा। जल यात्रा के रास्ते में पूरे ट्रैफिक को व्यवस्थित किया किया गया था। पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के कई गांव से लगभग 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जल यात्रा में भाग लिया।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड इंडियन राउंड बालक टीम को स्वर्ण पदक

**रांची** : भरतपुर (राजस्थान) में 16 से 22 नवंबर तक आयोजित 43वें जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में मंगलवार को झारखंड जूनियर बालक इंडियन राउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीते। इस टीम में समीर बेहरा, अरविंद टुडू, सुनील कुमार, चितरंजन शामिल थे. बालिका इंडियन राउंड टीम ने कांस्य पदक हासिल किए। इस टीम में वर्षा खलखो, काजल कुमारी, मधु कुमारी, अप्रैल टुडू भी शामिल थीं। झारखंड टीम की इस जीत के लिए विजेताओं को एवं टीम के साथ प्रशिक्षक मोहन साहू, श्वेता पांडे, शिवकुमार महतो, सुमित मिश्रा, डी साईश्वरी को झारखंड तीरंदाजी संघ के सभी पदाधिकारीगण एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में अब तक कूल 5 पदक (2 स्वर्ण, 01 रजत, 02 कांस्य पदक) झारखंड टीम ने जीते हैं।